

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



रणवीर सिंह ने सर्कस फिल्म ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश  9795951917,9415163471  @budhakasandesh  budhakasandeshnews@gmail.com  www.budhakasandesh.com

बुधवार, 21 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण  www.budhakasandesh.com  वर्षः 10 अंकः 01  पृष्ठ 8  आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569  सम्पादक : राजेश शर्मा  उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## उमेश कोल्हे हत्याकाण्ड में खुली तब्लीगी जमात की कट्टरपंथी फाइल, नवनीत राणा और कपिल मिश्रा का विपक्ष पर निशाना

मुंबई। महाराष्ट्र के अमरावती में दवा कारोबारी उमेश कोल्हे की नृशंस हत्या का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। इस मामले को लेकर तमाम तरह के आरोप लगाये गये थे लेकिन अब एनआईए की ओर से अदालत में दाखिल आरोप पत्र से खुलासा हो गया है कि ये हत्या कट्टरपंथियों की साजिश थी। एनआईए के आरोप पत्र से यह भी जगजाहिर हो गया है कि तब्लीगी जमात धर्म के नाम पर चलाया जा रहा एक ऐसा संगठन है जिससे जुड़े लोग ना सिर्फ कट्टरपंथी हैं बल्कि देश का माहौल बिगाड़ने का प्रयास भी करते हैं। हम आपको बता दें कि एनआईए के आरोप पत्र में कहा गया है कि "तब्लीगी जमात के कट्टरपंथी इस्लामवादियों" ने पैंगबर मोहम्मद के कथित अपमान का बदला लेने के लिए महाराष्ट्र के अमरावती में दवा विक्रेता उमेश कोल्हे की हत्या की थी। एनआईए ने इस हत्याकांड को कट्टरपंथी व्यक्तियों के एक गिरोह का आतंकी कृत्य करार देते हुए कहा कि वे उमेश कोल्हे की हत्या कर डर पैदा करना चाहते थे। एजेंसी ने कहा है कि तब्लीगी जमात के कट्टरपंथियों ने कथित रूप से धार्मिक भावनाएं आहत करने को लेकर 21 जून को उमेश कोल्हे की हत्या की। एनआईए ने विशेष अदालत के समक्ष 11 आरोपियों के खिलाफ जो आरोप पत्र दाखिल किया है उसके मुताबिक सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ भारतीय दंड सहिंता की धारा 120बी, 302,



341, 153ए, 201 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोप पत्र के मुताबिक आरोपियों के नाम अब्दुल शेख, मोहम्मद शोएब, आतिब राशिद, यूसुफ खान, इरफान खान, अब्दुल अरबाज, मुशिफिक अहमद, शेख शकील, शाहिम अहमद, मुदस्सिर अहमद और शाहरुख खां हैं। एनआईए ने आरोप पत्र में कहा है कि "जांच में पता चला है कि तब्लीगी जमात के कट्टरपंथी इस्लामवादियों ने कथित रूप से धार्मिक भावनाओं को आहत करने, विभिन्न जातियों व धर्मों–विशेष रूप से भारत में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दुश्मनी, दुर्भावना और नफरत को बढ़ावा देने के लिए उमेश कोल्हे की हत्या की।" आरोप पत्र में दावा किया गया है कि पैगम्बर मोहम्मद के बारे में दिये गये नुपूर शर्मा के विवादित बयानों का समर्थन करने वाले व्हाट्सएप पोस्ट को उमेश कोल्हे द्वारा साझा करने पर उससे बदला लेने के लिए आरोपी ने एक आतंकवादी गिरोह बनाया था। हम आपको यह भी बता दें कि जब यह हत्याकांड सामने आया था उस समय इस मामले को रफा–दफा करने की कोशिश की गयी थी लेकिन बाद में केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120 (आपराधिक साजिश), 302 (हत्या), 153–ए (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान और भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) समेत अन्य धाराओं के तहत दो जुलाई को मामला दर्ज किया था। एनआईए के आरोप पत्र के दाखिल करने के बाद अमरावती की सांसद नवनीत राणा ने कहा है कि मैंने इस मामले को लेकर आवाज उठाई थी इसीलिए आज यह मामला यहां तक पहुँचा है। उन्होंने महाराष्ट्र की पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महाविकास आघाड़ी सरकार ने इस मामले को नजरअंदाज किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को तब्लीगी जमात पर नकेल कसनी चाहिए। मीडिया से बातचीत में नवनीत राणा ने कहा कि अब वक्त बदल चुका है और इस बदले दौर में कोई भी तब्लीगी जमात के कट्टरपंथ को बर्दाश्त नहीं करेगा। उधर, भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने भी उमेश कोल्हे की हत्या पर छप। की चार्ज शीट दायर होने पर खुशी जताते हुए कहा है कि अब यह सामने आ चुका है कि तब्लीगी जमात ने साजिश करके हत्या करवाई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हत्याकांड का मकसद हिंदुओं में आतंक फैलाना था। उन्होंने कहा कि देश में हुई ऐसी सभी हत्याएँ आतंकी घटनाएँ हैं। कपिल मिश्रा ने कहा कि जो नेता और पत्रकार तब्लीगी जमात का बचाव कर रहे थे वो सब भी इन हत्याओं के दोषी हैं। बहरहाल, आइये आपको सुनाते हैं उमेश कोल्हे के भाई महेश कोल्हे का वह बयान जिसमें उन्होंने कहा था कि वह इस बात से हैरान हैं कि सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट पर ही उनके भाई की हत्या कर दी गयी।

## एलएसी पर चीन की सेना को मिलेगा करारा जवाब

### भारत तैनात करेगा लाइटवेट जोरावर टैंक

नई दिल्ली। अब एलएसी पर चीन की सेना को करारा जवाब मिलेगा। भारत अब एलएसी पर लाइट वेट जोरावर टैंक की तैनाती करने वाला है। 354 लाइटवेट जोरावर टैंकों को सेना में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है। इस हफ्ते होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में इसको लेकर फैसला भी हो सकता है। मेक इन इंडिया के तहत बने स्वदेशी टैंकों को खरीदने पर चर्चा होगी। रक्षा मंत्रालय इस सप्ताह के अंत में होने वाली बैठक में चीन सीमा पर तैनाती के लिए हल्के टैंकों



के विकास के लिए सेना के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा करने वाला है। सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय बैठक में मेक इन इंडिया के तहत इनमें से 354 टैंक खरीदने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। भारतीय सेना ने अपने फ्यूचर लाइट टैंक के लिए स्पेसिफिकेशंस जारी किए हैं जिसे श्जोरावरश नाम दिया गया है। टैंक का नाम उस दिग्गज जनरल के नाम पर रखा गया है, जिसने तिब्बत में कई सफल जीत का नेतृत्व किया, जिस पर अब चीनी सेना का नियंत्रण है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि मध्यम युद्धक टैंकों द्वारा सामना की जाने वाली सीमाओं को पार करने और मैदानी, अर्ध–रेगिस्तान और रेगिस्तान में इसके उपयोग के अलावा उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों (भ्।।), सीमांत इलाकों और द्वीप क्षेत्रों में भारतीय सेना को सभी आकस्मिकताओं से लैस करने के लिए, यह अब है प्रकाश टैंक शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण। भारतीय सेना को परिचालन क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में टी–72 और टी–90 टैंकों को शामिल करना पड़ा, जिससे विरोधी पर सामरिक आश्चर्य हुआ और इस तरह विरोध ी को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। हालांकि, टैंक मुख्य रूप से मैदानी और रेगिस्तानी इलाकों में संचालन के लिए डिजाइन किए गए थे, जिनकी अपनी सीमाएँ उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में नियोजित होने पर होती हैं।

## फ्रांस के निवेशक उत्तर प्रदेश में रक्षा, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के इच्छुक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में बड़े औद्योगिक घरानों व उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें राज्य में अगले साल फरवरी में होने वाले 'उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन' के लिए आमंत्रित किया।



राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में राज्य का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पेरिस पहुंचा और कई बड़े औद्योगिक घरानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का दौरा विभिन्न देशों में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे रोड शो की श्रृंखला का हिस्सा था। प्रवक्ता ने कहा कि फ्रांस की कंपनियों ने भी राज्य में निवेश के जरिए व्यापारिक संबंधों को मजबूती देने पर सहमित जताई। प्रवक्ता के अनुसार, पेरिस में हुए इस रोड शो के दौरान फ्रांस के निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में रक्षा, कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा और जल परिवहन समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई है। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टेक्स एनवी के प्रतिनिधि डॉक्टर गुंजन भारद्वाज से मुलाकात की। कंपनी ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की शक्ति का उपयोग के लिए वाराणसी में एक रोगी डेटा एक्सचेंज एएमआईयूटी स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ के निवेश के इरादे से आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। प्रवक्ता के मुताबिक जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में सिंगापुर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का रोड शो भी सफल रहा। रोड शो के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि ामंडल से सिंगापुर की कारोबारी बिरादरी ने निवेश के अवसरों और सरकार द्वारा मिल रहे प्रोत्साहन पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (आईटीई) गया।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, घटनास्थल से हथियार और अन्य सामान बरामद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में



सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में मंगलवार को एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधि ाकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुधलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले पोरोवाड़ा–तिमेनार गांव के मध्य जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में आज सुबह लगभग 10 बजे एक नक्सली को मार गिराया। उन्होंने बताया कि मिरतुर थाना क्षेत्र में बीजापुर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और एसटीएफ (विशेष कार्य बल) के संयुक्त दल को गश्त पर भेजा गया था। दल जब पोरोवाड़ा–तिमेनार गांव के मध्य जंगल में पहुंचा तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

## मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा बच्चों के विचारों को नजरअंदाज न करें

कन्नूर। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि किसी भी मुद्दे पर बच्चों की राय पर विचार किया जाना चाहिए और इसे पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे उनमें जिम्मेदारी की भावना पैदा होगी।





कन्नूर जनसंपर्क विभाग (पीआरडी) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में विजयन के हवाले से कहा गया है कि परिवारों, विशेषकर माता–पिता के रवैये में इस तरह के बदलाव से समाज में बदलाव आएगा और इस तरह हम बच्चों के अनुकूल बन सकते हैं। मुख्यमंत्री कन्नूर के धर्मदम निर्वाचन क्षेत्र में केरल बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधि ात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब परिवार के निर्णय लेने की बात आती है, तो अक्सर बच्चों की बात नहीं होती क्योंकि परिवारों का मानना ध्है कि उनकी राय महत्वपूर्ण नहीं है। विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, "लोगों की सोच है कि बच्चों की राय महत्वपूर्ण नहीं है। इस सोच को बदलने की जरूरत है। हमारे समाज को उनके व्यक्तित्व का पूरी तरह से सम्मान करने में सक्षम होना चाहिए।" विजयन ने इस कार्यक्रम में यह भी कहा कि सरकार बच्चों के समग्र विकास और भविष्य की पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं को तैयार करने के लिए हर प्रकार की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में आंगनवाड़ियों की संख्या बढ़ाना एक ऐसा उपाय है। उन्होंने कहा कि कोझिकोड जिले में 142 आंगनवाड़ियों में विशेष बच्चों के लिए सुविधाएं पायलट परियोजना के रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी और आंगनवाड़ियों को सामुदायिक संसाधन केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा।

## सरकार ने कहा देश भर में खुले 8900 जन औषधि केंद्र

### रोजाना 20 लाख लोग खरीदते हैं सस्ती दवाइयां

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश भर में अभी 8900 से





अधिक जन औषधि केंद्र काम कर रहे हैं जिनसे प्रतिदिन करीब 20 लाख लोग सस्ती दवाइयां खरीद रहे हैं। रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का मकसद सभी लोगों को, खास कर गरीबों और वंचितों को वहनीय कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां मुहैया कराना है। मांडविया ने बताया कि प्रध ाानमंत्री जन औषधि केंद्रों के मालिक 15000 रुपयेप्रति माह की अधिकतम सीमा के अधीन 15 प्रतिशत मासिक खरीद की दर से प्रोत्साहन के पात्र होते हैं। इसके अलावा, उत्तर–पूर्वी राज्यों, हिमालयी क्षेत्रों, द्वीपीय क्षेत्रों और 'आकांक्षी जिलों' के रूप में उल्लिखित पिछड़े क्षेत्रों में अथवा महिला उद्यमी, दिव्यांग लोगों द्वारा द्वारा खोले गए जन औषधि केंद्रों को दो लाख रुपए का अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाता है।







## PAC रूदे को वरिष्ठ अधिकारियों के घर के सामने रुक कर सलाम ठोकने का आदेश, खबर सोशल मीडिया पर वायरल

सीतापुर। सीतापुर में पीएसी कर्मचारियों को प्रशासनिक भवनों और रिहायशी व गैर रिहायशी इलाकों में रुक कर वरिष्ठ अधि ाकारियों को सलामी देने की हिदायत दी गयी है। इस संबंध में जारी पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसके बाद प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात की जांच के आदेश दिए हैं कि यह आंतरिक आदेश सोशल मीडिया पर कैसे वायरल हुआ। सीतापुर स्थित 27वीं वाहिनी पीएसी के सहायक कमांडेंट के हस्ताक्षर से जारी हुए इस पत्र में मातहत कर्मचारियों से कहा



गया है कि वे साइकिल और मोटरसाइकिल से जाते समय पीएसी परिसर में स्थित प्रशासनिक भवनों और रिहायशी तथा गैर रिहायशी इमारतों के सामने रुक कर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सलामी दें।

इस आदेश पर सोमवार 19 दिसंबर की तारीख लिखी गई है और कहा गया है कि इसका तत्काल पालन शुरू किया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में पूछे जाने पर 27वीं वाहिनी पीएसी के कमांडेंट मणिराम सिंह ने मंगलवार को कहा कि उन्हें इस पत्र में कुछ भी गलत नहीं नजर आता। यह आदेश अनुशासनहीनता को रोकने के लिए दिया गया है और आदेश देने वाले अधिकारी की इसमें कोई गलत मंशा नजर नहीं आती।

उन्होंने कहा कि ऐसे आदेश समय–समय पर जारी किए जाते हैं ताकि अनुशासन बना रहे लेकिन यह पत्र सोशल मीडिया पर कैसे वायरल हो गया, इसकी जांच कराई जाएगी।

# बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में मिशन वात्सल्य के तहत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक विकास खण्ड तुलसीपुर एवं गैंसड़ी की बैठक तहसील तुलसीपुर सभागार में सम्पन्न हुई। प्रदीप कुमार द्विवेदी विधि सह परिवीक्षा अधिकारीध्प्र0 संरक्षण अधिकारी बलरामपुर द्वारा जानकारी दी गयी कि मिशन वात्सल्य योजना बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण पर कार्य करती है, जिसमें देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट बलरामपुर में स्थित बाल कल्याण समिति तथा विधि विवादित किशोरों के सम्बन्ध में किशोर न्याय बोर्ड बलरामपुर द्वारा अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। साथ ही स्पान्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान समिति द्वारा इन योजनाओं के अन्तर्गत वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने हेतु प्रचार–प्रसार कराये जाने की अपेक्षा की गयी। बाल विवाह, बालश्रम, भिक्षावृत्ति, बाल यौन शोषण एवं ट्रैफिकिंग के प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों, 1098 चाइल्ड लाइन नम्बर या सम्बन्धित थाने पर सूचना देने तथा क्षेत्र में शिक्षा से वंचित बच्चों को चिहिन्त कर विद्यालय में प्रवेशध् नामांकन कराये जाने की अपेक्षा की गयी। क्षेत्र में परित्यक्त नवजात शिशुओं के लावारिस मिलने की सूचना पर तत्काल पुलिसध्बाल कल्याण समितिध्जिला बाल संरक्षण इकाईध्1098 चाइल्ड लाइनध्डायल 112 इत्यादि को सूचित किया जाए ताकि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी गैंसड़ी अवनीन्द्र पाण्डेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी तुलसीपुरध्गैसड़ी गरिमा श्रीवास्तव, सहायक पंचायत अधिकारी तुलसीपुर कृष्ण सागर श्रीवास्तव, सहायक पंचायत अधिकारी गैंसड़ी मो0 मुस्तकीम, खण्ड शिक्षा अधिकारी तुलसीपुर सौरभ सिंह, प्रतिनिधि खण्ड शिक्षा अधिकारी गैसड़ी देवदत्त मिश्र, प्र0 चिकित्साधिकारी तुलसीपुरडॉ0 के0 अशरफ, गैंसड़ी डॉ0 अरविन्द कुमार, उ0नि0 बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, थाना तुलसीपुर सच्चिदानन्द पाण्डेय, थाना को0 गैंसड़ी ऋषि देव, स्वयं सेवी संस्था गैंसड़ी शिवम सिंह मौजूद रहे तथा विकास खण्ड रेहरा बाजार में भी समिति की बैठक की गयी जिसमें निर्धारित एजेण्डा के अनुसार चर्चा करते हुये रणनीत बनायी गयी जिसमें खण्ड विकास अधिकारी संदीप गुप्ता, प्र0 सहायक अधिकारी रेहरा बाजार इरफानल्लाह, परामर्श दाता, बाल संरक्षण अधिकारी व अन्य ब्लाक के सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे।



# मेले को लेकर महंत देवीपाटन मिथलेश नाथ योगी एवं जिलाधिकारी की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। तहसील बलरामपुर सदर के ग्राम पंचायत पैगापुर में समय माता मंदिर में लगने वाले मेले को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी,डीएम डॉ महेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। समय माता मंदिर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा उद्घाटन कराए जाने हेतु व्यवस्थाओं का जायजा जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा लिया गया। मंदिर के तालाब का जीर्णोद्धार एवं घाट बनाए जाने का निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिया। समय माता मंदिर में लगने वाले 1 माह के मेले को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियों का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक,एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# डीएम ने गौआश्रय स्थल का किया निरीक्षण

■ पशु चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए रोका वेतन
■ गौशाला में भूसा न मिलने पर डीएम ने प्रधान एवं सचिव को लगाई फटकार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा विकासखंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत रोवांरी में अस्थाई गौआश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। गौआश्रय स्थल में 45 गोवंश को सुरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने भूसा गोदाम का जायजा लिया, गोदाम में भूसा ना मिलने पर प्रधान एवं सचिव को फटकार लगाई। उन्होंने भूसा खरीद स्टॉक पंजिका का निरीक्षण किया, नवंबर माह में 45 कुंतल भूसा खरीदा गया था। उन्होंने कहा कि गोवंश के लिए कम से कम 80 कुंतल भूसा प्रतिमाह खरीद की जाए। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी अमित कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। गोवंश के ठंड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया गया, पंचायत भवन अच्छी दशा में बना हुआ पाया गया। उन्होंने पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाने, अगल–बगल पानी भरने पर उसके लिए नाली बनाए जाने का निर्देश दिया । पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि पंचायत भवन में नियमित रूप से बैठे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक, खंड विकास अधिकारी सागर सिंह, पंचायत सचिव राकेश कुमार, ग्राम प्रधान रोवांरी व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





# बीजेपी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर गरजे सपाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी सदर विधानसभा क्षेत्र इकाई के सपाई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पूर्व विधायक विजय पासवान के अगुवाई में भाजपा सरकार के इसारे पर में जीएसटी जांच के नाम पर व्यापारियों के हो रहे व्यापक पैमाने पर उत्पीड़न, लगातार दुकानों पर छापामारी से व्यापारी परेशान करने तथा खाद बीज के संकट एवं बंद धान क्रय केन्द्र एवं नगरपालिका के मुख्य चौराहे पर स्थित रेलवे संपार पर ओवर ब्रिज बनाने के मुद्दे पर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। सदर तहसील मुख्यालय पर तहसीलदार ऋषि राम रमन को राज्यपाल के नाम संबोधित 8 सूत्रीय मांगों के समाधान का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय पासवान ने कहा कि सबका साथ सबका विकास का नारा लगा लगाने वाली सरकार ने सभी वर्ग के लोगो को सत्ता में आने के बाद परेशान करने पर तुली है। व्यापारियों के कारोबार को फर्जी तरीके से जांच कराकर चौपट करने पर तुली है। धान क्रय केन्द्रों को सिर्फ कागजों में



चलाया जा रहा है। पासवान ने कहा कि नगर पालिका के आरक्षण में व्यापक पैमाने पर धांधली किया गया। जिसका परिणाम यहां के 11 नगर निकाय चुनाव के आरक्षण में दलित वर्ग के लिए एक भी सीट आरक्षण में नहीं मिला। जिसके कारण 21 फीसद दलित वर्ग भाजपा सरकार के शौतले नीति से आहत है। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र के नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश सड़कें गड्ढे में तब्दील हो गई। जिसके कारण आवाजाही कठिन हो गई है। सभी जर्जर सड़क ठीक नहीं हुआ तो सपाई बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। इस दौरान कपिलवस्तु के सपा निवर्तमान विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष जोखन चौधरी, प्रधान राम सेवक लोधी, डाक्टर प्रमोद यादव, फिरोज आलम चौधरी, नागेंद्र नाथ चौबे, विजय चौधरी, मो. जफर, सोनू यादव, अमून मेकरानी, कलाम सिद्दीकी, सतीश चौधरी, घनश्याम जायसवाल, जावेद आलम चुन्ने, रोहित श्रीवास्तव, विश्वभर श्रीवास्तव, रमजान अली, सुनील यादव, अभिषेक त्रिपाठी, चंद्रजीत यादव, कलाम अहमद, व अशोक पांडेय आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि उक्त धरने में कतिपय नपा के भावी प्रत्याशी व उनके सर्मथक धरना प्रदर्शन में नजर नहीं आए।

# श्रम विभाग के अधिकारियों के आपसी खींचतान में भटक रहे श्रमिक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। जनपद में श्रमिकों कामगारों भट्ठा मजदूरों के हित में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना महज कागजों तक सिमट गई है शादी अनुदान स्वास्थ के साथ ही अनेकों योजनाएं जो होल्डिंग बैनर तक तो दिखाई दे रही है परंतु धरातल पर दूर–दूर तक कहीं नजर नहीं आ रही है गत वर्ष यहां काफी अर्से शेरिट चल रही उप श्रमआयुक्त किस सीट पर अधिकारी भी आ गए पर आपसी खींचतान के कारण विगत वर्षों से जो काम चल रहा था वह भी बंद हो गए स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए आया करोड़ों रुपए श्रमिकों के खाते में न जाकर वापस शासन को चला गया ऐसे में जिम्मेदारों के खिलाफ क्या योगी सरकार कार्यवाही करेगी यह एक बड़ा प्रश्न है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सतरिख,बारबंकी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख,




बाराबंकी में एस0पी0सी0 कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य दीपमाला वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर एस0ओ0सतरिख संतोष कुमार के द्वारा विभिन्न प्रकार के अपराध के विषय में विस्तृत जानकारी के साथ–साथ उत्तर प्रदेश पुलिस से परिचय कराते हुए बचाव एवं सुरक्षा हेतु विभिन्न नंबरों के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी के साथ ही साथ यातायात एवं सड़क सुरक्षा विषय में जानकारी तथा सड़क सुरक्षा के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस कांस्टेबल अंजना के द्वारा महिला हेल्प डेस्क की कार्य प्रणाली के विषय में छात्राओं को बताया गया। बच्चों को साइबर क्राइम के विषय में भी जानकारी दी गई एवं उससे कैसे बचे विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपमाला वर्मा वर्मा द्वारा छात्राओं को एस0पी0सी0कार्यक्रम के महत्व के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में छात्राओं को स्टूडेंट पुलिस कैडेट के प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एस0पी0सी0की नोडल शिक्षिका मती नीलम खरवार, प्रवक्ता सुश्री रुना सुल्तान, डॉ सरोज वर्मा, प्रतिमा श्रीवास्तव, सुनीता कुमारी, सुनीता सिंह एवं अध्यापिका आरती बंसल, अंजू फरहीन, सीमा, शिवानी एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# पंचम व्याख्यान का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा विभागीय व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत राधाकमल मुखर्जी हाल में सांख्यकीय विश्लेषण के आधार नामक शीर्षक पर पंचम व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभाग के सहायक आचार्य डॉ० देवबक्श सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए के समाजशास्त विभाग के प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रदीप कुमार पांडे ने शोध में



सांख्यकीय विश्लेषण के आधार की उपयोगिता को स्पष्ट करते हुए, मुख्य वक्ता सहित सभी सहभागियो का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांख्यिकीय विश्लेषण सांख्यिकीय जनसंख्या, डाटा सेट या प्रायिकता वितरण के प्रसारण इत्यादि से संबंधित होता है। प्रकीर्णन की माप यह बताता है कि अध्ययन में आंकड़े कितने फैले हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ मयंक कुशवाहा ने मुख्य वक्ता एवं अन्य प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्री–एचडी कोर्स वर्क के छात्र के साथ–साथ परास्नातक के छात्र भी उपस्थित रहे। साथ ही साथ संकायाध्यक्ष प्रो0 हरीश कुमार शर्मा एवम डॉ यशवंत यादव, डॉ हरेंद्र शर्मा, डॉ० शरतेंदु त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थी ऑनलाइन पोर्टल पर भी उपस्थित रहे।

# भाजपाई अपने दिये हुए बयानों को देखें, केवल हल्ला मचाते हैं: धीरज पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचीव एडवोकेट धीरज पांडेय ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा कि कल प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा में सोनभद्र आए कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के बयान पर पर कुछ भाजपाई हो हल्ला मचा रहे है जब जरसी गाय,अचार बेचेंगी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा था तब यह कहा थे निंदा क्यों नही किये इन तथाकथित भाजपाइयों ने इन बयानों की निंदा क्यों नही की और जब ये बोला गया सुंदर लडकिया अचार बेचेंगी तो ज्यादा बिकेगा तब महिला अस्मिता का रोना रोने वाली भाजपा नेत्रियां कहा विलुप्त हो गयी थी भाजपा के कई कैबिनेट मिनिस्टर महिलाओं पर आपत्ति जनक टिप्पड़ी कर चुके है यह उनके आदत में सुमार है लेकिन जब कोई पूर्व अभिनेत्री पर केवल लटके झटके की बात करता है तो भाजपा में बौखलाहट मच जाती है पर उन्नाव से लेकर हाथरस की लड़की का रेप होता



है तो ये मौन रहते है जनता इनकी दोहरी नीति को समझती है इन्हें समझना चाहिए कि अगर दूसरे को बोलने की क्षमता है तो लोकतंत्र में सुनने और बर्दास्त करने की भी क्षमता होनी चाहिए पूरा देश जनता जानती है कि बहुत से अभिनेता से नेता बने हैं लटके झटके ठुमके लगाने के बाद ही आज अभिनेता से नेता बने है पर वो आज भी जनता को किए गए वादा पूरा करने के बजाय केवल अपने अभिनव से काम चला रहे जब कांग्रेस सरकार में एलपीजी गैस सिलेंडर का दाम 400 रुपये थे तो कुछ नेता सड़क पर गैस सिलेंडर ले कर बैठ जाती थी जो आज सिलेंडर के दाम लगभग 1200 रुपए हो जाने के बाद भी उन्हें शर्म नहीं आ रही, कांग्रेस हमेसा मुद्दों की बात करती है किसी पर ब्यक्तिगत बात नही करती अगर कोई पत्रकार साथी कोई सवाल पूछ रहा है तो उसका जवाब भी देना आवश्यक है क्या देश यह नही जानता कि नेत्री से बनी अभिनेत्री अगर सच बात भाजपा को बुरी लग रही तो वो सच बार बार बोला जाएगा इन सब बातों पर हो हल्ला मचाने से पहले भाजपाई खुद के गिरेबान में झांके की वो भारत के पूर्व प्रधानमंत्री शहीद स्वर्गीय राजीव गांधी के पत्नी कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी के बारे में कितना अमर्यादित टिप्पड़ी करते है अगर कोई कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाती है तो उसका जवाब कानूनी तौर पर दिया जाएगा।

# अध्यक्ष व महासचिव पद पर एक एक नामांकन पत्र हुआ दाखील

## राम किंकर पाठक व प्रकाश सिंह का निर्विरोध चुना जाना तय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

घोरावल/सोनभद्र। तहसील अधिवक्ता समिति घोरावल सोनभद्र के निर्वाचन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन दो दिन सोमवार व मंगलवार को निर्धारित किया गया था। जिसमें सोमवार को अध्यक्ष पद पर राम किंकर पाठक व मंगलवार को महासचिव पद पर श्री प्रकाश सिंह व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आनन्द कुमार सिंह व उपाध्यक्ष कनिष्ठ प्रथम इन्द्र देव सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सभी पदों पर एक एक नामांकन पत्र दाखिल किए गए। शेष पद पर किसी द्वारा कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। चूंकि जमा नामांकन पत्र एक पद पर एक व्यक्ति द्वारा ही जमा किया गया है। इसलिए इन लोगों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। इसकी औपचारिक घोषणा निर्वाचन कमेटी द्वारा पूर्व नियति तिथि छब्बीस दिसंबर को किया जाएगा।इस आशय की जानकारी एल्डर कमेटी के सदस्य व प्रभारी निर्वाचन आदि नाथ मिश्र व हरि प्रकाश वर्मा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जय सिंह, सच्चिदानंद चौबे, राजेन्द्र कुमार पाठक, राम नरेश विश्वकर्मा, संतोष कुमार पाठक, अरुण कुमार तिवारी, प्रफुल्ल कुमार शुक्ल, प्रमोद कुमार पाठक, राम अनुज धर द्विवेदी,राज नारायण श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे।



# जेंडर आधारित हिंसा जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। बालिकायें व महिलाये में एकता से समाप्त होगी लिंग आधारित हिंसा, यह बाते एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही गयी। बाल कल्याण समिति की अध्यक्षता में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ एक जागरूकता कार्यक्रम प्लान इंडिया के सहयोग से सेठ रामकुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल कल्याण समिति सिद्धार्थनगर के बीरेंद्र मिश्रा व विद्यालय प्रधानाचार्या अंजू जी के द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेृश्य समाज में लैंगिक भेदभाव से समाज में परिवर्तन के लिये जागरूकता पैदा करना था बीरेंद्र मिश्रा ने बच्चियों को जेंडर आधारित हिंसा के बारे में बताया तथा बाल कल्याण समिति उन्हें कैसे सहयोग कर सकती है। इसके बाद बच्चियों से उनके आस पास होने वाली लैंगिक हिंसा के बारे में साझा करने को बोला। बच्चियों ने बताया कि समाज में लड़कियों के साथ बहुत से लैंगिक भेदभाव किये जाते है जैसे उन्हें शिक्षा न देना, जल्दी विवाह कर देना, हमे किसी घर के बड़े निर्णयों में शामिल न करना, लड़को जैसी केयर नहीं मिलती है। इसके साथ बालिकाओं को लैंगिक हिंसा पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गयी और बालिकाओं ने बाल कल्याण समिति के बीरेंद्र मिश्रा से बहुत से सवाल किये जैसे बालिकाएं ज्यादा असुरक्षित क्यों हैं, बालिकाओं को आगे बढ़ने के अवसर क्यों नहीं दिए जाते है। इस दौरान बालिकाओ को प्रश्नों के उत्तर बालिकाओं को देने के लिए बोला गया, बालिकाओं उपयुक्त उत्तर अपनी समझ के साथ दिए। एक बालिका ने बताया कि बालिकाओं में अपनी बात रखने में आत्मविश्वास की कमी होती है इसलिए वह अधिकारों से वंचित रह जाती है। अंजू ने बताया कि हर बच्ची अगर देखे तो हमारे घर में भाभी, दादी, माँ व बहन के साथ शोषण होता ही है, उसके रूप अलग होते है, इनको पहचान कर हम सभी को ये समाप्त करना है।

प्लान इण्डिया ने बच्चों को प्रोटेक्ट प्रोजेक्ट के बारे मे बताया कि हम मानव तस्करी व बाल संरक्षण के लिये कार्य कर रहे है। बालिकाओं को मिशन शक्ति व हेल्पलाइन नम्बरो 112, 1090, 1098, 1930 के बारे जानकारी दी गयी। बच्चियों ने समिति से अनुरोध किया कि इस तरह गतिविधिया उनके ग्राम पंचायत में भी होनी चाहिए ताकि समुदाय भी जागरूक हो। इस कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति सिद्धार्थनगर से बीरेंद्र मिश्रा, सेठ रामकुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ की प्रधानाचार्या अंजू, प्लान इण्डिया से जिला समन्वयक प्रसून शुक्ला, रूपा उमर, हरिकेश दुबे व छात्राये शालू, नेहा मौर्या, रजनी आदि उपस्थित रही।

# पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बिगड़े बोल, डुमरियागंज के युवाओं का पाकिस्तान पर हल्ला बोल

## डुमरियागंज के युवाओं ने एक सुर में पाकिस्तान के खिलाफ की कार्यवाई की मांग

दिलीप श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगरं पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक मीटिंग के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को ओसामा बिन लादेन के मुद्दे पर कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि जिस देश ने ओसामा बिन लादेन को पनाह दे रखा था, जिसके यहाँ लादेन मारा गया हो जिसके यहाँ से कई आतंकवादी संगठन संचालित हो रहे हों वो हमें आतंकवाद के बारे में उपदेश ना दे विदेश मंत्री एस जयशंकर का लादेन को लेकर दिया गया ये बयान पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को ऐसा चुभा कि उसने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर बेहद आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए एक बयान दे डाला जिसको लेकर भारत ही नही पाकिस्तान के कई लोगों ने भी आपत्ति जताई हैं। भारतीय प्रधानमंत्री के बारे में दिये गए बयान कि वजह से एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी ने पाकिस्तानी उच्चायोग के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तो पूरे देश में भी पाकिस्तानी बिलावल भुट्टो का पुतला दहन और मुर्दाबाद के नारे लगाये जा रहे हैं सिर्फ सत्तापक्ष ही नही बल्कि विपक्षी कांग्रेस से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रमोद तिवारी के साथ साथ अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख के उत्तराधिकारी हजरत सईद नसरुद्दीन







चिस्ती ने भी एक सुर में पाकिस्तानी बिलावल भुट्टो के बयान की निंदा करते हुए पाकिस्तान को कड़ा सन्देश देने की बात कही है। बिलावल भुट्टो के बयान को लेकर डुमरियागंज के युवाओं ने भी कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है, समाजसेवी और किसान राजू चौधरी का गुस्सा मानो पाकिस्तानी बिलावल भुट्टो पर फूट पड़ा और उसके बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जिस देश देश का विदेशी मुद्रा भण्डार महज 8 अरब डॉलर है जबकि भारत का 560 अरब डॉलर, जिस देश में महंगाई 26: ,हो जो देश हर दूसरे देश से कटोरा लेकर भीख मांग रहा हो, जो देश लगभग दिवालिया हो चुका है उस देश का विरासत में मिली कुर्सी की वजह से विदेश मंत्री बना एक टुच्चा सा नेता हमारे देश के प्रधानमंत्री के बारे में इस तरह की बयानबाजी करे हमें बिल्कुल बर्दाश्त नही है, भारतीय प्रधानमंत्री को इस मामले में सख्त कदम उठाना चाहिए खजुहा निवासी कृषक और शिक्षक अखिलेश यादव ने भी बिलावल भुट्टो के बयान की निंदा करते हुए कहा कि बिलावल भुट्टो ष्पाकिस्तानी पप्पूष् है , जिस तरह हमारे देश के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को लताड़ा वो काबिले तारीफ है, पाकिस्तान एक तरफ अफगानिस्तान के तालिबान से लात घूसे पा रहा है, दूसरी तरफ तहरीके तालिबान पाकिस्तान उसकी कुटाई कर रहा है और भारतीय फौज के हाथों तो वो पिछले 75 सालों से पिटते आ रहे हैं ऐसे में अच्छे खासे इंसान का मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है, ये बिलावल भुट्टो तो फिर भी बच्चा है, लेकिन इस बच्चे ने ऐसी बदमाशी कर दी है जिसकी सजा आने वाले समय में पाकिस्तानी जनता कई सालों तक भुगतेगी द्यह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने भी बिलावल भुट्टो के बयान कि निंदा करते हुए इसे एक असफल देश के अनुभव हीन मंत्री का बेतुका बयान बताया और कहा कि ये उसी जुल्फिकार अली भुट्टो के खानदान का है जिसने कहा था कि पाकिस्तान भारत से 1000 सालों तक लड़ता रहेगा राजेश ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ये अच्छी बात है कि भारत के विपक्ष ने भी बिलावल भुट्टो के बयान की कड़ी निंदा की है और सिर्फ भारत ही नही बल्कि पाकिस्तानी भी अपने नौसिखिए विदेश मंत्री के बयान की आलोचना कर रहे हैं, फिर चाहे वो भारत में रहे पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त बासित अली हो, बुद्धिजीवी और लाहौर के फारमेन कॉलेज में रहे पूर्व प्रोफेसर परवेज या फिर पाकिस्तान की जानी मानी सुरक्षा विशेषज्ञ आइशा सिद्दीकी, इन सभी ने बिलावल भुट्टो के बयान की आलोचना की है। ऐसे में हम भारत के प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि इस बयान के खिलाफ कड़ा एक्शन लें जिससे भविष्य में पाकिस्तान दोबारा ऐसी गलती ना कर सके।

# साहब,गड्ढा खोद चले गए नही हो रहा निर्माण, छात्र, राहगीर परेशान

## कस्बा अलीगढ़वा में अतिक्रमण जस का तस है,कायम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत नेपाल सीमा के कस्बा अलीगढ़वा में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत माह जुलाई में उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में लोकनिर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया। कस्बे में गंदगी के अंबार से निजात दिलाने के लिए, नाली निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। कुछ दूर नाली के लिए खोदाई कर जिला पंचायत विभाग मौन बैठ गया है। अभी तक कस्बे में सड़क की मरम्मत, नाली का निर्माण नही हो सका है। जिससे सड़क पर गंदगी फैली हुई है, संक्रमण की संभावना बनी है। बीमारियां पांव पसारने को तैयार है। इसके बाद कस्बे में एक स्वागत द्वार बनाने के लिए गड्ढा खोद रखा है, महीना बीत गया उसमे



दस फिट तक गंदा पानी भरा हुआ है,स्कूली छात्र गिर गया, लोगो ने उसे डूबने से बचाया। इसमें कई वृद्ध चोटिल भी हुए। लोक निर्माण दिखावा के लिए सड़क पर गिट्टी बिखेर रखा है, जो आने जाने वाले राहगीरों की समस्या बनी है। अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है, दुकानें सड़कों पर दिख रही हैं। सात मीटर की बनी सड़क तीन मीटर तक खाली नही रहती। बड़ी वाहन के आते ही सड़क जाम से कराहने लगती है। गुड्डू, मिठाई लाल, कमरुद्दीन, इस्तियाक अहमद, कलाम, निसार अहमद, चंद्रभान कसौधन, अभिषेक, राम निवास विश्वकर्मा सहित कस्बावासियों ने इससे निजात दिलाने के लिए प्रशासन से मांग किया है। लोकनिर्माण, वा जिला पंचायत के द्वारा कस्बे में निर्माण के लिए अतिक्रमण बांधा बताया गया, जिसमे प्रशासन ने अतिक्रमण हटवा दिया है। दोनो तरफ नाली निर्माण का टेंडर हो चुका है, किन कारणों से कस्बे में निर्माण कार्य बिलंब है।

# भूखे और कुपोषित पशुओं में सर्दी का अधिक होता है असर: डॉ बलराम चौरसिया





दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। भूखे और कुपोषित पशुओं में सर्दी का असर अधिक होता है। बचाव के लिए पौष्टिक आहार एवं रख रखाव सावधानी पूर्वक करना चाहिए। इस बात की जानकारी पशुचिकित्साधिकारी जोगिया डॉ बलराम चौरसिया ने मारूखगॅकला में आयोजित पशुपालक गोष्ठी में दी। बताया कि अधिक ठंडक के समय पशु शरीर में मौजूद ऊर्जा का अधिकांश हिस्सा वाष्प के रूप में नष्ट हो जाता है। ऐसे में शरीर को सामान्य से अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। जिसकी आपूॅति पौष्टिक आहार द्वारा हो सकती है। अत्यंत ठंडक के समय पशु भूखे या कुपोषित हैं तो शरीरिक ऊर्जा की अत्यधिक कमी होने पर पशु दुबॅल हो जातें हैं। दुग्धोत्पादध में कमी आ जाती है। कभी कभी पीडित पशु के शरीर में तापमान नियंत्रित न रहकर बाहरी तापमान के कम होने के साथ कम होने लगता है।परिणाम स्वरूप जैविक क्रियाएं शिथिल पड जाती हैं। और 80 डिग्री फारेनहाइट से भी कम शरीर का ताप होने पर पशु के दिल की गति रूकने से आसामायिक मौत हो सकती है। बचाव के लिए पशु को भूंखा न छोड़ें पौष्टिक आहार भर पेट खिलाएं, रात्रि में हवा दार स्थान में न रखे, शरीर पर गमॅ कपड़ा डाल दें, फर्श पर सूखी पत्ती या पुआल का बिछाध्वना करें और सुबह शाम पशु के पास आग जलाकर कर बैठें। पशु अस्वस्थ दिखे तो पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।मौके पर 56 पशुओं को खुरपका मुंहपका निरोधक टीकाकरण एवं ठंडक से बचाव संबंधी औषधि का मुफ्त वितरण किया गया। इस अवसर पर साधना, राजू, किसमती, रीता, इलायची देवी, विंद्रावती, संगीता, सुनीता, पूजा, रामिलन, ऊषा, व, पुष्पा सहित तमाम महिला पशुपालक मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने चकरोड कार्य का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा विकास खण्ड–जोगिया के ग्राम पंचायत–पेडरी खुर्द में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कराये जा रहे कृषि कार्य हेतु चकरोड पर मिट्टी पटाई का कार्य निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं ग्राम सचिव उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय श्रमिक कार्यस्थल पर नही पाये गये। ग्राम रोजगार सेवक एवं महिला मेट भी कार्यस्थल पर





उपस्थित नही पाये गये। ग्राम सचिव द्वारा बताया गया कि दोपहर में भोजना हेतु काम बन्द करके श्रमिक एवं महिला मेट खाना खाने गये है ग्राम रोजगार सेवक की तबीयत खराब होने के कारण अवकाश पर गये है। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 02 कार्य स्थलों पर कार्य कराया जा रहा है। जिस पर 19–19 श्रमिक नियोजित किये गये है। निरीक्षण के समय तक 29 श्रमिक भोजन अवकाश से वापस आ गये थे। मस्टरोल एवं अन्य अभिलेख कार्यस्थल पर उपलब्ध न होने के कारण श्रमिकों का मिलान एवं कार्य का तकनीकी मूल्याकंन नही किया जा सका। ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थल पर तत्काल सी0आई0बी0 लगाये तथा अभिलेख सदैव उपलब्ध रहे एवं मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम शतप्रतिशत उपयोग किया जाय।

# चहक उत्सव के तहत हुआ शिक्षक अभिभावक सम्मेलन

## चहक से प्राथमिक विद्यालय बड़गो में मना शिक्षा का उत्सव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जोगिया के प्राथमिक विद्यालय बड़गो में शिक्षक अभिभावक बैठक हुई जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति सहज बनाना है। इसके लिए बच्चों के बीच अपनापन विकसित करने के साथ–साथ शिक्षकों को खेल के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना है। व बच्चों को सीखने सिखाने की प्रक्रिया को सरल, सहज एवं मनोरंजक बनाना है। इस नई पहल को चिल्ड्रन हैप्पीनेस इन एंबियंस एंड एक्वायरिंग नॉलेज (चहक) नाम दिया गया है। इस उत्सव में माता–पिता व



अभिभावक को शिक्षक के द्वारा स्कूल में उनके बच्चों की प्रगति व बच्चे की उपलब्धि बताई गई। इस दौरान बच्चों को अपने अर्जित ज्ञान जिसमें कविता पाठ, कहानी सुनाना, रोल प्ले का प्रदर्शन करने का मौका दिया गया। इसमें कक्षा एक के छात्र व स्कूल परिसर में स्थापित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे शामिल रहे। ए आर पी अनुपम सिंह ने बताया कि स्कूलों में बच्चों के लिए बुनियादी ज्ञान, साहित्यिक और बुनियादी भाषा कौशल को विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इससे बच्चों में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में चहक कार्यक्रम आयोजित हुआ, ए आर पी प्रमोद त्रिपाठी व देवेंद्र त्रिपाठी ने भी सभी को संबोधित करते हुए बताया कि निपुण भारत मिशन से जोड़ कर चहक को संचालित किया जा रहा है। इससे निपुण भारत मिशन की सफलता के लिए अभिभावको को भी जागरूक किया जा रहा है। स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम की समाप्ति के बाद इसका आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका नेहा चौधरी अनामिका सिंह व सोनी देवी के साथ साथ ग्राम प्रधान व अभिभावक उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर,सिद्धार्थनगर। बढनी के औदही कला



में नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षक राजाराम चौधरी ने प्रथम दिन बच्चों को स्काउट गाइड के बारे विधवत जानकारी दिया। जिला संगठन कमिश्नर हरिश चंद्र यादव की देख रेख में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। प्रशिक्षण में दौरान छात्रध्छात्राएं सम्मलित हुई। प्रशिक्षण के पहले दिन स्काउट गाइड नियम, प्रार्थना, झंडागीत, बाया हाथ मिलाना, जीवन परिचय, शिष्टाचार संबंधित जानकारी दिया गया। शेष दोनो दिन अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दिया जाएगा। बढनी के औदही कला में नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश भारत स्कॉउट गाइड प्रशिक्षण सिद्धार्थनगर अंतर्गत स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रधानाचार्य इरशाद अहमद ने कहा स्काउट गाइड की शिक्षा से छात्र–छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसके प्रशिक्षण से दूसरों की मदद करने की शिक्षा मिलती है। साथ ही स्काउट गाइड हमें जीवन जीने की कला भी सिखाती है। विपरीत परिस्थितियों में जीवनयापन करने की शिक्षा भी हमें स्काउट गाइड से प्राप्त होती है। इस दौरान सहायक अध्यापक शिव कुमार, ओमप्रकाश जायसवाल, अनिल कुमार, रमेश कुमार यादव, पंकज सिंह, शिल्पी केसरवानी, सुमन देवी, चपरासी सुरेश मौर्या, प्रशिक्षक राजाराम चौधरी सहित सैकड़ो बच्चे मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों के 200 बच्चों ने कुशीनगर का किया भ्रमण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में कक्षा छह से आठ तक पढ़ने वाले 200 बच्चों को मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण पर कुशीनगर ले जाया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बीएसए कार्यालय परिसर से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीएसए ने कहा कि शासन के निर्देश पर चार बसों से 200 बच्चे कुशीनगर भ्रमण पर जा रहे हैं। बच्चों को वहां ऐतिहासिक दृष्टिकोण से बहुत कुछ देखने व समझने



लायक हैद। भ्रमण से बच्चों को किताबी ज्ञान को प्रत्यक्ष परखने का मौका मिलता हैद। भ्रमण के लिए जनपद के सभी विकास खंडों से प्रतिभावान बच्चों को चिंहित किया गया था। भ्रमण प्रभारी व जिला समन्वयक बालिका सुरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि 20 बच्चों पर एक शिक्षक को जिम्मेदारी दी गई हैद। भ्रमण के दौरान बच्चों को ऐतिहासिक स्थल से जुड़ी जानकारियां दी गई और बच्चों की जिज्ञासाओं पर बताया गया। भ्रमण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी खुनियान्व ओपी मिश्रा, एआरपी मुस्तन शेरुल्लाह, उत्सव तिवारी, नितेश कुमार, बालजीत कुमार, निशा सिंह, ममता सिंह, संगीता, शैल यादव, राजाराम आदि सम्मिलित रहे।

## सम्पादकीय

**उन्होंने कहा कि इस भुगतान के लिए शंघाई पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस एक्सचेंज प्लेटफर्ष्म का पूरा उपयोग किया जाएगा। तेल उत्पादक अरब और खाड़ी देशों का इस बारे में क्या रुख है, यह मालूम नहीं हुआ है। लेकिन ऐसी खबरें हैं कि सऊदी अरब युवान में सेटलमेंट के बारे में चीन के साथ बातचीत कर रहा है। सऊदी अरब दुनिया का ...**

# इस होड़ पर नजर रखें



संकेत हैं कि चीन ने अंतरराष्ट्रीय कारोबार में डॉलर के वर्चस्व के खिलाफ खुली जंग छेड़ दी है। अब देखने की बात यह होगी कि क्या अरब देश इसमें उसका साथ निभाते हैं। ऐसा लगता है कि चीन ने अंतरराष्ट्रीय कारोबार में डॉलर के वर्चस्व के खिलाफ खुली जंग छेड़ दी है। अब देखने की बात यह होगी कि क्या अरब देश इसमें उसका साथ निभाते हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की हाल की सऊदी अरब यात्रा के बाद से ये सवाल चर्चित है कि क्या अरब देश अपने कच्चे तेल के बदले चीन से उसकी मुद्रा युवान में भुगतान स्वीकार करने को तैयार होंगे? अगर अरब देश इस पर राजी हो गए, तो उसका विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी असर होगा। पिछले हफ्ते सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरब नेताओं के साथ अपनी बैठक के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ऊर्जा कारोबार में युवान के इस्तेमाल का प्रस्ताव रखा। ये खबर दुनिया भर में चर्चित हुई। इसलिए कि चीन लंबे समय से विश्व व्यापार पर डॉलर के वर्चस्व को तोडने की तैयारी में जुटा रहा है। डॉलर के वर्चस्व का एक प्रमुख पहलू इसका ऊर्जा कारोबार की मुद्रा होना है। अगर यहां युवान या किसी दूसरी मुद्रा ने अपनी जगह बनाई, तो समाचार एजेंसी रॉयटर ने उचित अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि उसका भूकंप जैसा असर होगा। अरब सम्मेलन में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन खाड़ी देशों से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात करता रहेगा। वह चाहता है कि इस आयात के बदले भुगतान वह युवान में करे। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के लिए शंघाई पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस एक्सचेंज प्लैटफॉर्म का पूरा उपयोग किया जाएगा। तेल उत्पादक अरब और खाड़ी देशों का इस बारे में क्या रुख है, यह मालूम नहीं हुआ है। लेकिन ऐसी खबरें हैं कि सऊदी अरब युवान में सेटलमेंट के बारे में चीन के साथ बातचीत कर रहा है। सऊदी अरब दुनिया का सबसे बड़ा तेल निर्यातक है, जबकि चीन उसके तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। सऊदी अरब ने अगर युवान में तेल का कारोबार शुरू कर दिया, तो अनेक विशेषज्ञों की राय है कि उससे दुनिया में डॉलर का वर्चस्व खत्म होने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पश्चिम से प्रतिबंधित रूस और ईरान जैसे देश पहले से ही ऐसा कर रहे हैं।

# बदले बदले दिखे ममता के तेवर

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के तेवर सचमुच बदल गए हैं। वे पांच दिसंबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री की



मीटिंग में शामिल हुईं और अब केंद्रीय गृह मंत्री के साथ उत्तर पूर्वी जोनल कौंसिल की बैठक में भी शामिल हुईं। प्रधानमंत्री तक के कार्यक्रमों से दूरी बना कर रखने वाली ममता न सिर्फ अमित शाह के साथ बैठक में शामिल हुईं, बल्कि उनका शानदार स्वागत किया। अमित शाह को पटका पहना कर स्वागत करते और उनका हाथ पकड़ कर बात करती हुई उनकी फोटो जारी हुई। अमित शाह के साथ खाना खाते हुए भी उनकी फोटो जारी हुई। इतना ही नहीं, बैठक के बाद वे अमित शाह को राज्य सचिवालय नबन्ना के अपने कार्यालय में भी ले गईं। दोनों एक साथ वीवीआईपी लिफ्ट से ममता के कार्यालय में पहुंच और दोनों के बीच कोई 15 मिनट की बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि ममता ने मनरेगा और दूसरे फंड के बकाया पैसे के लिए अमित शाह को कहा। लेकिन यह गढ़ी हुई बात है। हालांकि कौंसिल की बैठक में ममता ने बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र का मुद्दा उठाया और कहा कि राज्य के लोग इससे परेशान हैं। लेकिन उन्होंने अमित शाह के प्रति पूरा सद्भाव दिखाया। पिछले दिनों उन्होंने विधानसभा के नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी को चाय पर बुलाया था और उससे पहले राज्य के कार्यवाहक राज्यपाल रहे भाजपा नेता ला गणेशन के भाई के जन्मदिन के कार्यक्रम में चेन्नई जाकर हिस्सा लिया था।

# मुफ्त की रेवड़ी बनाम गरीबों की मदद

**निस्संदेह, ज्यों–ज्यों समाज में प्रलोभन थम नहीं रहा है। यही वजह है कि पंजाब गई। उन्होंने इस घटना को पंजाब की अस्मिता पर हमारी भौतिक उन्नति तब तक सारहीन है जब तक हमारे व्यवहार में मानवीय मूल्य जीवंत नहीं होंगे ।इंसानियत का पराभव हमारी गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए ।व्यापारी के मन में ट्रक चालक को लेकर शंका जन्म लेती कि कहीं उसने ट्रक का माल किसी दूसरे व्यापारी को तो ...**

अजय दीक्षित

मानवीय मूल्यों में गिरावट का चरम तब उजागर हुआ जब एक सड़क दुर्घटना में घायल ट्रक चालक की मदद के बजाय लोग ट्रक में भरी सेब की एक हजार से अधिक पेटियां लूट ले गये । चालक चीखता रहा, राहगीर व ग्रामीण सेब की पेटियां लूटते रहे । पंजाब के फतेहगढ़ साहब में जीटी रोड पर स्थित गांव राजेंद्रगढ़ के निकट कार को बचाने के प्रयास में एक सेब से भरा ट्रक पलट गया । घायल चालक व परिचालक प्राथमिक उपचार के बाद लौटे तो देखा कि ट्रक में लदी सेब की पेटियां लूटी जा रही हैं। चालक के अनुसार, ट्रक पलटने से सौ के करीब ही पेटियां बाहर गिरी थी, लेकिन राहगीर व ग्रामीण बारह सौ से अधिक पेटियां लूट ले गये। अमृतसर निवासी चालक जम्मू–कश्मीर से ट्रक में सेव भरकर ओडिशा–झारखंड ले जा रहा था। चालक बार बार ऐसा न करने की दुहाई देता रहा। कहता रहा कि वह मालिक को क्या जवाब देगा। लेकिन किसी ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। यहां तक कि रास्ते से गुजरते बड़ी गाडियों में सवार लोग भी पेटी लूटने का लोभ नहीं त्याग सके। मगर जब किसी राहगीर द्वारा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया तो वह वायरल हो गया। देश ही नहीं, कनाडा–अमेरिका से इस घटना



को लेकर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। देश–दुनिया के पंजाबियों ने वीडियो देखकर घटना को शर्मसार करने वाला माना। सभी ने घटना की भर्त्सना की और ट्रक चालक की मदद की पेशकश की। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। सरकार ने भी कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो में देखे गये लोगों के फोटो सोशल मीडिया पर डालकर लोगों से उनके बारे में सूचना देने को कहा गया। शाम होते–होते लूट में शामिल कुछ लोगों की शिनाख्त की गयी है। यही नहीं, घटना से व्यथित लोग सामने आये और ट्रक चालक के नुकसान की भरपाई के लिये चेक देकर सार्थक पहल की। सवाल उठता है कि क्यों खाते–पीते घरों के लोग श्मुफ्त का चंदन, घिस रघुनंदनश की तर्ज पर सेब की पेटियां लूटने पर आमादा हुए? क्यों उन्हें महसूस नहीं हुआ कि दुर्घटना के शिकार चालक व परिचालक की मदद पहले करनी चाहिए? वह भी उस पंजाब में जहां इस तरह के कृत्य को कभी मान्यता नहीं दी गई। जहां भूखों को खाना खिलाने की समृद्ध परंपरा रही है। ऐसा नहीं है कि ऐसी घटना सिर्फ पंजाब में हुई है, देश के विभिन्न राज्यों से गाहे–बगाहे ऐसी ही घटनाओं के वीडियो वायरल होते रहते हैं। सवाल उन महंगी कार चालकों की नीयत पर भी उठे जिन्होंने कार रोक सेब की पेटियां उठायी और चलते बने। आखिर समृद्ध लोग भी श्लूट की छूटश के खेल में क्यों शामिल हो जाते हैं? यह जानते हुए कि ट्रक चालक एक तरफ तो शारीरिक रूप से घायल हुआ है, दूसरी ओर उसकी नौकरी व साख पर भी आंच आएगी। चालक रोता– गिड़गिड़ाता लोगों से कहता भी रहा कि मैं व्यापारी को क्या जवाब दूंगा? मैं क्या सबूत दूंगा कि मेरा माल चोरी हो गया? मुझे झूठा ठहरा दिया जायेगा। यहां हमें सोशल मीडिया को भी श्रेय देना होगा जिसने लूट के खेल को जगजाहिर कर दिया। अन्यथा जीटी रोड के एक गांव के पास घटी घटना का सच कभी सामने न आता। व्यापारी के कहीं उसने ट्रक का माल किसी दूसरे व्यापारी को तो नहीं बेच दिया। निस्संदेह, ज्यों–ज्यों समाज में प्रलोभन थम नहीं रहा है। यही वजह है कि पंजाब गई। उन्होंने इस घटना को पंजाब की अस्मिता पर हमारी भौतिक उन्नति तब तक सारहीन है जब तक हमारे व्यवहार में मानवीय मूल्य जीवंत नहीं होंगे । इंसानियत का पराभव हमारी गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए । व्यापारी के मन में ट्रक चालक को लेकर शंका जन्म लेती कि कहीं उसने ट्रक का माल किसी दूसरे व्यापारी को तो नहीं बेच दिया। निस्संदेह, ज्यों–ज्यों समाज में समृद्धि व संपन्नता आई है, लोगों का अंतहीन प्रलोभन थम नहीं रहा है। यही वजह है कि पंजाब के प्रबुद्ध और जागरूक लोगों में इस घटना की तीखी प्रतिक्रिया भारत व सात समुद्र पार भी देखी गई। उन्होंने इस घटना को पंजाब की अस्मिता पर दाग माना और मदद की पेशकश भी की। यह घटना हमें कई सबक देकर जाती है । बताती है कि हमारी भौतिक उन्नति तब तक सारहीन है जब तक हमारे व्यवहार में मानवीय मूल्य जीवंत नहीं होंगे । इंसानियत का पराभव हमारी गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए ।

# बिहार में शराबबंदी : पार पाने का हौसला दिखवाना होगा

**हालांकि ऐसा नहीं है कि राज्य सरकार इस मसले पर आंखें मूंदे बैठी है। शराबबंदी की सफलता को लेकर सरकार जल, थल और नभ तीनों जगह शिंकजा कसने की रणनीति पर काम करती रही है। स्पीड बोट, पर्याप्त पुलिस बल, ान दस्ता तथा ड्रोन आदि की व्यवस्था की गई। चेक पोस्टों के लिए हैंड स्कैनर का उपयोग किया जा रहा है। सभी जिलों में एंटी लिकर टास्क फोर्स (एएलडीएफ) की 186 टीमें ...**

डा. भीम सिंह भावेश

बिहार में शराबबंदी अपने अबतक के सबसे वीभत्स रूप में है। राज्य के सारण जिला में जहरीली शराब पीने से करीब 50 लोगों की मौत की खबर के दूसे दिन दूसरे जिले में भी लोगों के मरने की खबर से राज्य की राजनीति का पारा गर्मा गया है।

इस घटना ने सूबे में शराबबंदी को लेकर एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लोक सभा में इस मुद्दे पर तीखी बहसें हुई। बिहार विधानसभा में आरोपों के बौछार पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का तमतमाया चेहरा और गुस्से में लरजती उनकी आवाज से राज्य में शराबबंदी की दशा और दिशा का बखूबी पता चलता है।

शराबबंदी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक महत्त्वकांक्षी योजना है। श्आइए, हम सब मिलकर नशा मुक्त बिहार बनाएंय स्लोगन को वे बड़े गर्व के साथ प्रस्तुत करते हैं। वर्ष 2011–12 से 2005–16 तक राज्य में पंचायत स्तर तक कम्पोजिट शराब दुकानें और वार्ड तक परचुनिया दुकानों की बाढ़ आ गई थी। राशन दुकानों की भांति देसी, विदेशी एवं मसालेदार शराब की दुकानें आवंटित थीं। तब पियक्कड़ों के कारण विशेषकर महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया था। नतीजतन नीतीश ने 1 अप्रैल, 2016 से शराबबंदी का दृढ़ निर्णय लिया, जबकि इस निर्णय से राज्य को 4 हजार करोड़ रुपये का भारी राजस्व की क्षति का अनुमान था।

विपक्ष का आरोप भी सही प्रतीत होता है कि बीते सात साल में बिहार को एक लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। लिहाजा पैसे कहां से आएंगे, यह सवाल तो राज्य के मुखिया से पूछा जाना चाहिए। जिस पैसे से बिहार का भला होता उसका भी नुकसान हो रहा है। हालांकि नीतीश तमाम दबाव के बावजूद अपने फैसले से रत्ती भी पीछे नहीं हटने को तैयार हैं। उनका तर्क है कि शराब पीना बुरी आदत है और जो इसका सेवन करेगा, वह अपनी जान गंवाएगा। अपने इस फैसले को और ज्यादा सख्त बनाने के लिए उन्होंने शराब पीकर मरने वालों को सरकारी सहायता राशि भी देने से मना कर रखा है।

बहरहाल, शराबबंदी की निंदा करने के तमाम तर्क विपक्षी दलों, विशेषज्ञों और शराब से जुड़े व्यवसाय करने वाले दें, किंतु इस तथ्य से भी कोई इनकार नहीं कर सकता




कि शराबबंदी से राज्य में खुशहाली का ग्राफ भी ऊपर चढ़ा है। मद्यनिषेध विभाग के सव्रे में बताया गया है कि राज्य की 100 फीसद महिलाएं शराबबंदी के निर्णय से बेहद खुश हैं। वो रात में बेखौफ होकर घूम सकती हैं, जो पहले कल्पना से परे बात थी। निश्चित तौर पर इस श्बोल्ड्य फैसले का नीतीश को सियासी फायदा भी पहुंचा। उन्हें महिलाओं के एकमुश्त वोट भी मिले, मगर जहरीली शराब से हो रही मौतों ने नीतीश और गठबंधन सरकार को बैकफुट पर ला दिया है। हाल ही में संपन्न कुढनी विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी को मिली हार की एक वजह गरीब–गुरबों और पिछड़ी जातियों के लोगों का शराबबंदी कानून के तहत जेल जाने को बताया जा रहा है। स्वाभाविक है नीतीश चौतरफा घिर चुके हैं। उन्हें इस बात पर गहन मंथन करना होगा कि यह कानून सफल क्यों नहीं हो पा रहा है, आखिर इसके औंधे मुंह गिर जाने की वजह क्या है आदि। जब तक इन सब बातों का सही तरीके से आकलन नहीं होगा, लोग मरते रहेंगे। हां, कुछ नियमों में बदलाव किए जाएं तो परिणाम सुखद होने की गुंजाइश जरूर परवान चढ़ सकती है। मसलन, एक मजबूत श्एंटी लिकर सेलत्र का गठन बिना वक्त गंवाये सरकार को करना चाहिए।

आबकारी का मसला बिल्कुल अलहदा है, सो सरकार को इसे पूर्ण रूप से आबकारी महकमे को सौंप देना चाहिए और पुलिस को इससे बिल्कुल अलग कर देना चाहिए। राज्य की सीमा वाले इलाके में पेट्रोलिंग के साथ–साथ जागरूकता के कार्यक्रम भी चलाने होंगे। अगर शराबबंदी को शत–प्रतिशत सफल बनाना है तो बिहार की सरकार को गुजरात से भी सीखने की जरूरत है। वहां अगर किसी मरीज को डॉक्टर ने शराब पीने की सलाह दी जाती है तो वह शराबंदी कानून के दायरे में नहीं आता है। उसी तरह कोई बाहर से लाकर अपने घर में शराब का सेवन करे तो वह गैरकानूनी नहीं माना जाता है, जबकि बिहार में नियम बिल्कुल इसके उलट है।

हालांकि ऐसा नहीं है कि राज्य सरकार इस मसले पर आंखें मूंदे बैठी है। शराबबंदी की सफलता को लेकर सरकार जल, थल और नभ तीनों जगह शिंकजा कसने की रणनीति पर काम करती रही है। स्पीड बोट, पर्याप्त पुलिस बल, ान दस्ता तथा ड्रोन आदि की व्यवस्था की गई। चेक पोस्टों के लिए हैंड स्कैनर का उपयोग किया जा रहा है। सभी जिलों में एंटी लिकर टास्क फोर्स (एएलडीएफ) की 186 टीमें कार्य कर रही हैं। उत्पाद विभाग एवं पुलिस विभाग का संयुक्त अभियान चलता रहा।




# हरदोई में कई गन्ना सेंटर पर बन्द हुई तौल,गन्ना तौल बन्द होने से किसान परेशान

हरदोई।जिले के मंगोलापुर समेत कई अन्य गन्ना खरीद सेंटरों पर कई दिनों से गन्ना खरीद बन्द होने से किसान परेशान हैं।किसानों को गन्ना तौल कराने के लिए सर्द मौसम में कई दिनों से इंतजार करना पड़ रहा है ऐसे में क्रय केंद्र पर किसानों की गन्ना लदी दर्जनों ट्रैक्टर–ट्रालियां खड़ी हैं जिससे परेशान किसान गन्ना अधिकारी के पास पहुंचे और समस्या निस्तारण की मांग की।किसानों ने यहां अभद्रता किये जाने के आरोप भी लगाए है।जिला गन्ना अधिकारी के पास पहुंचे किसान जनों ने बताया कि गन्ना केंद्र पर काफी समय से तौल नहीं हो रही है जिससे गन्ना बचाना पड़ रहा है।

सर्दी का मौसम है, क्रय केंद्र पर अलाव आदि की भी सुविधा उपलब्ध नहीं है और कई दिन से गन्ना तौल कराने में समय लग रहा है। किसानों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान ने बताया कि गन्ना की तौल समय पर हो तो परेशानी न हो किराये से ट्राली पर गन्ना लाने वालों को नुकसान होता है व्यवस्था ऐसी हो कि एक दिन में ही तौल हो जानी चाहिए जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि कुछ किसान उनके पास आए हैं अब गन्ना खरीद ऑनलाइन सिस्टम हो गया है ऐसे में कुछ दिक्कतें आ रही हैं इनको सही कराए जाने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है शीघ्र ही इस पूरे मामले में किसानों की समस्याओं को निस्तारित कराया जाएगा।इस मौके पर प्रमुख रूप से अवधेश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, विनोद कुमार पाठक, मनीष कुमार तिवारी, जितेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, सर्वेश त्रिपाठी, विवेक प्रकाश, नरेंद्र पाल सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# डग्गामार वाहन संचालकों की मनमानी यात्रियों पर रही भारी

पाली,हरदोई। रूपापुर शाहाबाद मार्ग पर डग्गामार वाहन और ई–रिक्शा संचालको की मनमानी का आलम यह है कि भूसे की तरह सवारियां भरकर सैकड़ों की तादाद में हर रोज फर्राटा भरते रहते हैं इनको देखकर ऐसा लग रहा है कि पुलिस और प्रशासन ने इनको मौन स्वीकृति दे रखी हो।रूपापुर शाहाबाद मार्ग ई–रिक्शा संचालकों से लेकर डग्गामार वाहनों के लिए इस समय सबसे अच्छा कमाई का जरिया बना हुआ है ई–रिक्शा संचालक बगैर बीमा फिटनेस डीएल के ही 4 सवारियों की जगह 8 से 10 तक सवारियां भर कर चलते हैं इतना ही नहीं, सवारियों से मनमाना किराया भी वसूला जा रहा है।डग्गामार वाहनों के संचालकों द्वारा यातायात नियमों के पालन में भी कोई खास तवज्जो नहीं दिया जाता है। रूपापुर में चौराहे के पास वाहनों को रोड पर आड़ा तिरछा खडा कर चौराहों और तिरंगा के पास है सवारियों को भरने और उतरने का क्रम लंबे समय से चल रहा है वही रूपापुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी कभी भी इनको टोकने की जहमत उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं ऐसा नहीं है कि पुलिस और प्रशासन की पैनी नजर इस सब पर नहीं पड़ती है लेकिन देख कर भी अनदेखा कर दिया जाता है कभी कभार कुछ अधिकारियों के दबाव में कार्यवाही के रूप में खानापूर्ति कर दी जाती है और दिनों बाद फिर पुलिस संरक्षण में यह डग्गामार वाहन सड़कों पर फर्राटा भरने लगते हैं इनके लिए न तो कोई मानक माने रखता है और नहीं उन पर खरे उतरते हैं जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, इस संबंध में जब पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बहुत ही जल्द डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पुरानी रंजिश में युवक के घर पर चढ़ कर हमला, तोड़फोड़

कौशाम्बी । पिपरी कोतवाली क्षेत्र के भगवतपुर गांव में रात पुरानी रंजिश को लेकर दबंगो ने एक युवक के घर पर चढ़ कर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। युवक ने अपने को बचाते हुए कमरे में बंद कर लिया तो उसके घर दरवाजे और खिड़की में तोड़फोड़ की गई। विरोध करने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। मामले की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना को लेकर तनाव की स्थिति है। भगवतपुर निवासी महेंद्र यादव पुत्र रंग बहादुर यादव की गांव के ही लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है। आरोप है कि रात इसी रंजिश को लेकर उसके गांव के ही चंद्रजीत, अमन, जयसिंह, अमन और आकाश आदि लोग लाठी डंडा से लैस होकर महेंद्र के घर पर चढ़ कर गाली गलौज करने लगे। इस बात का विरोध जब महेंद्र और उसके परिवार के लोगों ने किया तो दबंगों ने उसके घर में घुस कर महेंद्र पर हमला बोल दिया। हमले में महेंद्र किसी प्रकार कमरे में घुस कर अपनी जान बचाई। इस पर दबंगों ने घर में तोड़फोड़ करते हुए दरवाजे और खिड़की तोड़ डाले। शोर शराबा सुनकर जब तक मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचते कि आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। सुबह होने पर मामले में पीड़ित ने पिपरी पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस ने चंद्रजीत पुत्र सुखराम, अमन पुत्र गुलाब, सचिन पुत्र गुलाब, जय सिंह पुत्र अशर्फी लाल, आकाश पुत्र अमर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति है।

# अभिभावकों की जागरूकता बच्चों के शैक्षिक विकास में सहायक: ब्लाक प्रमुख

## विकास खण्ड साण्डी में हुआ उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन

हरदोई। विकास खण्ड साण्डी के ब्लाक संसाधन केंद्र पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख साण्डी अनिल सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी साण्डी विजय नारायण राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलन व माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्राvि सैतियापुर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कायाकल्प में अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों व उत्कृष्ट शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रावि सनफरा के बच्चों द्वारा पीटी व प्रावि बरनई चतरखा के बच्चों के योग कार्यक्रम की प्रस्तुति सराही गई।इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल राजपूत ने कहा कि बच्चों के शैक्षिक विकास में शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों की जागरूकता महती आवश्यकता है।अब विद्यालयों की तस्वीर बदल रही है।बेसिक स्कूलो के बच्चे अब कान्वेंट स्कूल के बच्चों से पीछे नहीं है।विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी साण्डी विजय नारायण राजपूत ने कहा कि विभाग ने बेसिक स्कूलों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। वर्तमान समय मे एक ओर जहां भौतिक वातावरण सुदृढ़ हुआ है वही दूसरी तरफ शैक्षिक विकास भी तीव्रगति से हुआ है।कार्यक्रम आयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी साण्डी प्रभावती ने कहा कि निपुण अभियान को जन आंदोलन के रूप में क्रियान्वित करना है।डीबीटी के माध्यम से अभिभावको के खाते में बच्चों के लिए भेजी गई है।अभिभावक राशि का सदुपयोग करते हुए बच्चों को ड्रेस,स्वेटर,बैग,जूते–मोजे आदि उपलब्ध कराए।इस अवसर पर ए आर पी अभय यादव व शैलेन्द्र पटेल ने डीबीटी, निपुण भारत मिशन व कायाकल्प योजनाओं के विषय मे विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें क्रियान्वित करने के विषय में जानकारी दी।संचालन मोउस्मान खां व दिव्या अवस्थी ने किया। शिक्षक मोअफजाल, अनवारुल हक पुष्पेंद्र शुक्ल,अजीत शुक्ल,मो खालिद, प्रशांत शुक्ल,संजय शुक्ल,राजेश शर्मा, राखी श्रीवास्तव, शुभा वर्मा सहित ग्राम प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## 142 आरक्षियों के प्रोन्नत होने पर एस पी ने बैज लगाकर दी बधाई

हरदोई।जनपद हरदोई में तैनात 142 आरक्षियों के मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति होने पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा बाजू पर बैज लगाकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।एसपी ने विगत दिनों में कोतवाली शहर में भारी मात्रा में स्मैक बरामद की गई थी, जिसमें अहम भूमिका निभाने वाले आरक्षी मो कलीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000 रु के पुरस्कार से सम्मानित किया गया व 142 आरक्षियों के मुख्य आरक्षी के पद पर प्रोन्नत होने व आगामी त्यौहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए।

## वाहन के धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत गंगहरा खुर्द गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से 36 वर्षीय बाइक चालक युवक घायल हो गया। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना लहंगपुर चौकी पर देते हुए एंबुलेंस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस 108 की मदद से घायल युवक को गम्भीरावस्था में मंडलीय अस्पताल उपचार कराने के लिए भेजा। घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत गंगहरा खुर्द गांव के सामने 10 बजे लालगंज थाना के खैरा गांव निवासी रामेश्वर पुत्र जोखू उम्र 36 वर्ष अपने बाइक से मीरजापुर किसी काम से जा रहे थे कि गंगहरा खुर्द गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। ग्राम प्रधान राम उजागिर मौर्य की सूचना पर लहंगपुर चौकी प्रभारी धनंजय सिंह अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायल युवक को 108 नंबर एंबुलेंस से घायल युवक को गंभीरावस्था में मंडलीय अस्पताल उपचार कराने के लिए भेजा।

## प्लाटर और उसके गुर्गों ने पत्रकार को धमकाया, मुकदमा

कौशाम्बी । चरवा कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव स्थित हड्डी मिल के बाद तीन महीना पहले पत्रकार को अगवा कर उसकी धमकाने के मामले में पुलिस ने प्लाटर और उसके मुंशी सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर चरवा पुलिस ने यह कार्रवाई किया है। मामले में पीड़ित ने चरवा इंस्पेक्टर पर भी गंभीर आरोप लगाएं हैं। चरवा कोतवाली क्षेत्र के मलाक मोइनुद्दीनपुर निवासी जैगम हलीम पुत्र हलीमुद्दीन पेशे से पत्रकार है। आरोप है कि कुछ दिन पहले पीड़ित ने रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव स्थित हड्डी गोदाम के पास संचालित अवैध प्लाटिंग के खिलाफ उसने खबरें प्रकाशित किया था। इसको लेकर खुन्नस में आए प्लाटर आर के साहू और उसके गुर्गों ने 26 सितंबर को अगवा कर लिया। आरोप है कि पीड़ित युवक को प्रयागराज ले जाकर उसके शरीर में नशीला इंजेक्शन लगाते हुए बेहोश कर चौफटका के पास फेंक दिया गया।होश में आने के बाद जब पीड़ित अपने परिवार के साथ चरवा पुलिस के लास शिकायत लेकर पहुंचा तो इंस्पेक्टर ने कोई कार्रवाई न कर थाने से भगा दिया। इस पर पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट ने मामले में आरोपी प्लाटर सहित उसके मुंशी और पांच अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर चरवा पुलिस ने प्लाटर आर के साहू, मुंशी सहित पांच अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बुनकरों श्रमिकों के लिए आयोजित किया गया विधिक जागरूकता कार्यक्रम

मीरजापुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्य योजना 2022–23 के तहत जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनमोल पाल के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वावधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय दलापट्टी चील्ह, विकास खण्ड कोन के प्रागंण में ग्रामीणजनों, बुनकर श्रमिकों एवं बालक बालिकाओं के अभिभावको को केन्द्र, राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त ग्रामीण योजनों के सन्दर्भ में जागरूकता शिविर कार्यक्रम किया गया।

शिविर का शुभारम्भ नवागत अपर जिला जज (एफ.टी. सी.), सचिव लाल बाबू यादव, ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव लाल बाबू यादव ने उपस्थित ग्रामीण जनमानस, महिलाओं एवं विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के अभिभवकों को बताया कि केन्द्र, राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक गरीब एवं असहाय जन मानस को पात्रता के आधार पर कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, महिला कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, आंगवाडी विभाग एवं तहसील सदर अन्तर्गत अवश्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा कृषक एवं ग्रामीण जनमानस को रोजगारपरक, लाभकारी व उन्नत खेती जैसे ड्रेगन फूट (कमलम), केला व स्ट्रावेरी की खेती करने और सब्सीडी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी की सराहना किये और उपस्थित कृषक, श्रमिको को इस योजना के लाभ से लाभान्वित होने के सम्बन्ध में प्रेरित किये। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ वैश्विक महामारी कोविड–19 के दौरान संक्रमण से महामारी के दौरान ऐसे बच्चों के माता तथा पिता अथवा दोनों की 1 मार्च 2020 से पूर्व मृत्यु हो गयी हो और वह अनाथ हो गये हो उन बच्चों को पात्रता के आधार पर योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि 0 से 18 वर्ष उम्र तक के सभी बच्चों को भी शामिल किया जायेगा और उक्त योजना का लाभ पात्रता के आधार पर किया जायेगा। सचिव ने उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकार, योजनाओं के लाभ और प्री–लिटिगेशन वैवाहिक (पति–पत्नी के) विवादों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में दाखिल करने तथा सुनवाई पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिये। श्रम विभाग द्वारा प्रदत्त योजना की जानकारी कौशलेन्द्र प्रताप, उद्यान विभाग द्वारा प्रदत्त योजना की जानकारी पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, राजस्व विभाग द्वारा प्रदत्त योजना की जानकारी राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त योजना की जानकारी सीडीपीओ कोन श्रीमती अनुसूईया सिंह, एडीओ कोन विजय शंकर एवं थानाध्यक्ष चील्ह अजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस विभाग से प्रदत्त योजनाओं की जानकारी विस्तापूर्वक दिये। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी रामआश्रेय एवं अतिथियों का स्वागत ग्राम प्रधान अरूण कुमार यादव ज्ञापित किए।

जागरूकता शिविर में दीपक श्रीवास्तव, पीएलवी जयप्रकाश, प्रदीप श्रीवास्तव, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, एवं विद्यालय के अध्यापक व छात्र–छात्रायें उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किये।

# जीएसटी को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार





को जी एस टी के नाम पर हो रहे व्यापारियों के उत्पीड़न सहित नौ सूत्री मांग को लेकर प्रदर्शन कर तहसीलदार संजीव कुमार दीक्षित को ज्ञापन सौपा है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पर्व जिला अध्यक्ष लाल जी यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार ने चुनाव के समय सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास सहित भय मुक्त समाज का नारा दिया था जो पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। आज जी एस टी के नाम पर व्यापारियो का उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापारी सरकार की इस जनविरोधी निति से काफी परेशान है। नपा अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने कहा कि सैकडो वर्ष व कई पुश्तो नगर मे बसे लोगो को उजाड़ कर बेघर किया जा रहा है। इसके साथ ही भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है जो पूरी तरह से न्यायसंगत नही है। पूर्व नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि इस सरकार मे समाज का हर वर्ग परेशान है। प्रदर्शन मे सैयद मोहम्मद कुतुब, मुंसिफ खां, बाबा ओम प्रकाश, कपिलदेव, बरकत अली राईनी, अदनान खां, अनुराग बागी, सफी शेख आदि शामिल थे।

## शहरी बेरोजगार रोजगार करने हेतु ऋण सुविधा का उठाये लाभ, 25 जनवरी तक आवेदन जमा करें

प्रतापगढ़ परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा सीमान्तर्गत निवासित शहरी गरीबों का दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत एस0ई0पी0 (स्वरोजगार कार्यक्रम) के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बेल्हा में संचालित हैं। योजनान्तर्गत रोजगार करने एवं रोजगार बढ़ाने हेतु व्यक्तिगत ऋण अधिकतम धनराशि 2 लाख रूपये एवं समूह ग्रुप लोन अधिकतम धनराशि 1 लाख तक ब्याज सब्सिडी ऋण हेतु इच्छुक शहरी बेरोजगार जिनकी वार्षिक आय रूपये 10 लाख से कम हो ऋण आवेदन पत्र डूडा कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया है कि जिन लाभार्थियों की ऋण बैंकों से स्वीकृतिधवितरण होगा उन्हें ब्याज सब्सिडी के रूप में 7 प्रतिशत से अधिक लगने वाले ब्याज को सब्सिडी के रूप में लाभार्थी के ऋण खाते में दी जायेगी। लाभार्थी आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, 02 फोटो, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर दिनांक 25 जनवरी 2023 तक जमा कर सकते है। योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र व जमा कर सकते है।

# मण्डलायुक्त द्वारा विन्ध्य कारीडोर के वित्तीय एवं तकनीकी प्रगति के बारे में ली गयी जानकारी

## 'निर्माण कार्यो में फिनिशिंग कार्य पर दिया जाय विशेष ध्यान : मण्डलायुक्त

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी ने आज आयुक्त कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल सहित राजकीय निर्माण निगम, पर्यटन विभाग, लोक निर्माण विभाग, गंगा प्रदूषण विभाग सहित अन्य विभागों के साथ बैठक कर निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर के वित्तीय एवं तकनीकी कार्यो के प्रगति के बारे में समीक्षा की। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा विन्ध्य कारीडोर निर्माण कार्य के प्रारम्भ से लेकर अब तक की वित्तीय, तकनीकी एवं परिक्रमा पथ के निर्माण प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाने वाले ध्वस्तीकरण व अन्य कार्य पूर्ण करा लिये गये हैं। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के द्वारा विन्ध्य कारीडोर के परिक्रमा पथ चार पहुँच मार्ग सहित फसाड कार्य कराया जा रहा हैं। मण्डलायुक्त द्वारा निर्माण कार्य के धीमी प्रगति पर परियोजना प्रबन्धक राजकीय निर्माण निगम पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि तकनीकी मित्रियों एवं मजदूरो की संख्या की टीम को बढ़ाते हुये कार्य में तेजी लायी जाय ताकि ससमय पूरा कराया जा सकें। उन्होंने कहा कि समय–समय पर थर्ड पार्टी से गुणवत्ता की भी जांच करायी तथा निर्माण कार्य में फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिया जाय। पुरानी वीआईपी एवं नई वीआईपी मार्ग पर परकोटा एवं फसाड कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य की मानिटरिंग सुनिश्चित करें, यदि किसी स्तर पर समस्या आती है तो तत्काल जिलाधिकारी अथवा स्वयं मण्डलायुक्त को अवगत कराये ताकि ससमय निस्तारण कराया जा सकें। बैठक में भूमि अर्जन तथा व्यय धनराशि अवशेष मकानों के ध्वस्तीकरण निर्माण कार्यो में धनराशि की उपलब्धता आदि के बारे में विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता राजकीय निर्माण निगम, अधीक्षक अभियन्ता अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर अंगद गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता गंगा प्रदूषण, थाना प्रभारी विन्ध्याचल अतुल राय के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# आवास जल्द पाने के लिए झोपड़ी में लगाया आग

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गांव में सुभाष चंद्र पटेल ने जल्द आवास पाने की लालच में स्वयं अपनी झोपड़ी में आग लगाकर गांव के ही तीन लोगों पर आग लगाने का आरोप लगा दिया। घटना रात लगभग साढ़े आठ बजे की है।

तरसौरा के सुभाष पटेल ने बताया की गांव के ही करन सिंह, अमर सिंह और लल्ला ने रात लगभग साढ़े आठ बजे उसके घर पर आकर बिना किसी वजह के वाद विवाद किया और उसके बाद उसकी झोपड़ी में आग लगा दी जिससे उसकी झोपड़ी जलाकर राख हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर शहजादपुर चौकी प्रभारी प्रमेश यादव मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद ग्रामीणों से हुई पूछताछ के बाद पाया की उसके पास रहने के लिए कोई पक्का आवास नहीं है जिसके कारण उसने विपक्षियों से पुराना विवाद होने का फायदा उठाते हुए स्वयं आग लगा दी । जिससे उसे शासन से रहने के लिए पक्का आवास मिल सके ।

## सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किरन पुत्री स्व0 श्री परमेश्वर प्रसाद मिश्र ग्राम–पलिया सिसवा, पोस्ट–उदयराजगंज, जनपद सिद्धार्थनगर की निवासिनी है का श्री भागीरथी सं0मा0वि0 घेन्सा, तेतरी बाजार सिद्धार्थनगर, उ0प्र0 से वर्ष 2000 में पूर्वमध्यमापरीक्षालब्धाड़कपत्रम् खण्ड नाम–द्वितीय परीक्षा उत्तीर्ण की थी। प्रार्थिनी का उक्त खण्ड नाम (क्लास) का प्रमाण–पत्रम कहीं गायब हो गया है।**

## स्कूल वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

मुजुरी। पनियरा–मुजुरी मार्ग पर दोपहर करीब दो बजे भक्सा के पास एक स्कूल वाहन की चपेट में बाइक आ गई। घटना में बाइक सवार महिला समेत दो लोगों को गंभीर चोटे आईं हैं। दुर्घटना के बाद वाहन में सवार बच्चे रोने लगे और मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा लाया गया। जहां डाक्टरों ने बाइक सवार दोनों की हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम सभा बेलटिकरा निवासी आकाश (25) अपनी मौसी सोनी (35) निवासी सुचितपुर बढ़ौना को बाइक से छोड़ने जा रहे थे। एक स्कूल वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने रो रहे बच्चों को वाहन से बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी बच्चे को चोट नहीं आई। दूसरे वाहन से बच्चों को उनके घर छोड़ा गया। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि वाहन, चालक तथा क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

## सोने के आभूषण चुराने की आरोपी महिला समेत चार गिरफ्तार

महराजगंज। कोतवाली क्षेत्र के चौपरिया बगीचे के पास से अंतरजनदीय गिरोह के तीन शातिर चोरों एवं एसएसबी कैंप के पास से चोरी के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपियों के पास से मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। सदर कोतवाली परिसर में ..अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार ने मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि चौपरिया बगीचे के पास से सत्यम निवासी हमीदनगर, कोईल निवासी धनेवा धनेई, अरबाज अंसारी निवासी धनेवा धनेई टोला गबडुआ को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चार जोड़ी पायल, 26 बिछिया, तीन अंगूठी, कान की दो झाली, दो मंगलसूत्र एवं 1245 रुपये नकद बरामद हुए हैं। यह सभी अंतरजनपदीय शातिर चोर हैं, इसमें सत्यम गिरोह का सरगना है। एसएसबी कैंप के पास सुनीता निषाद निवासी बैलवा घाट नेबुआ नौरंगिया जिला कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान की झाली बरामद हुई। बीते 15 जुलाई 2022 को फेकू प्रसाद निवासी बागापार ने तहरीर दी थी कि बहू की नौकरी लगवाने के बहाने फोटो खिचवाने के लिए महराजगंज के फोटो स्टूडियो में ले गई। मंगलसूत्र एवं कान की झाली समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गई। मामले में केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई तो महिला गिरफ्तार हुई। इन सभी आरोपितों को चालान कर दिया गया है।

## व्यापारियों की समस्याओं पर हर संभव मदद करेगी पुलिस– क्षेत्राधिकारी सदर

कुशीनगर । पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में सोमवार को व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के अलावा जनपद के विभिन्न व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में शामिल विभिन्न व्यापार संगठन से जुड़े व्यापारी पदाधिकारियों ने अपनी समस्या क्षेत्राधिकारी सदर उमेश कुमार भट्ट को अवगत कराया। इसके बाद क्षेत्राधिकारी उमेश कुमार भट्ट ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुन उसे हर हाल में निस्तारण करने का भरोसा दिया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री और जिलाध्यक्ष सचिन चौरसिया, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुधीर जायसवाल, नगर कोषाध्यक्ष बिट्टू सोनी, दिलीप जायसवाल आदि ने अधिकारियों के समक्ष व्यापारी से जुड़े समस्या को उठाया। बैठक में फाजिलनगर, छितौनी, जोकवा समेत नगर से जुड़े विभिन्न व्यापार मंडल से जुडे पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय कौशल विकास प्रतियोगिता में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

कुशीनगर । प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई पडरौना ने बताया कि कुशीनगर में संकल्प योजना के अन्तर्गत जिला स्तरीय कौशल प्रतियागिता (कौशलाथॉन) 16 दिसम्बर 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरांना कुशीनगर में व्यवसाय ब्यूटी थिरेपी, सी०एन०सी०टर्निंग इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, फैशन डिजाइन, हेल्थ केयर, आईपीएसएस, आर०ए०सी० व वेल्डर की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कुल 91 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागी उत्तीर्ण हुए। प्रतिभागियों में प्रथम स्थान द्वितीय स्थान तृतीय स्थान, चतुर्थ स्थान व पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण– पत्र मंडल व कमशः रूपये 1000, 800, 600, 400 एवं 200 की नगद पुरुस्कार धनराशि प्रदान की गई। इस मौके पर एन०पी०प्रजापति, वरिष्ठ कार्यदेशक कैलाशनन्द कार्यदेशक, विरेन्द्र कुमार कार्यदेशक पारसनाथ प्रसाद कार्यदेशक एवं संजय कुमार जिला सेवायोजन अधिकारी तथा अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने रैन बसेरों का नियमित निरीक्षण करने का दिया निर्देश

कुशीनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक में विकास कार्यों समीक्षा की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रगतिशील कार्य समय से पूर्ण हो। अनारम्भ कार्य को आरंभ किया जाए। जिलाधिकारी ने नगरों के सौंदर्यीकरण हेतु सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण वाले क्षेत्रों में संबंधित उप जिलाधिकारी से समन्वय बनाते हुए विकास कार्य को समय से पूर्ण कराए। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवस्थित सभी रैन बसेरों को सही कराए। संम्बधित उप जिलाधिकारी के साथ समन्वय बनाते हुए सभी रैन बसेरों का निरीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरों पर किसी का कब्जा न हो, बेड, खाना–पीना, कंबल वितरण इन सबों का निरीक्षण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी देवी दयाल वर्मा, समस्त अधिकारी अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

## परीक्षा केंद्रों में सभी सुविधाओं का रखा जाए ध्यान -डीएम

कुशीनगर। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित आगामी हाईस्कूल व बोर्ड की परीक्षा के दृष्टिगत आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के संदर्भ में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह से जानकारी ली तथा उनसे परीक्षा केंद्रों पर सभी आधारभूत सुविधाएं ध्मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के निर्देश दिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था मे हो, शौचालय, विद्युत उपलब्धता, पेयजल, इंटरनेट, फर्नीचर, बाउंड्री बॉल इत्यादि की व्यवस्था सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से हो, के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों का तहसील की टीम के साथ निरीक्षण करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी देवीदयाल वर्मा व समस्त उपजिलाधिकारी मौजूद रहे।

# परीक्षा केंद्रों का सत्यापन कर लें अधिकारी

देवरिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सत्र 2022–23 के लिए यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर परीक्षा के लिए जनपदीय अधिकारी भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। परिषद की ओर से जिले में ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत घोषित 207 केंद्रों के सापेक्ष आईं 308 आपत्तियों का निस्तारण भी तेजी से किया जा रहा है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रस्तावित केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाए। हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे व डबल लॉक की उपलब्धता, सड़क से परीक्षा केंद्र की दूरी, खिड़की, स्ट्रांग रूम, विद्यालय के चारों ओर सुरक्षित दीवार का होना, अग्निशमन व्यवस्था, शौचालय, जेनरेटर आदि मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। वह कलक्ट्रेट सभागार में परिषदीय बोर्ड परीक्षा–2023 के दृष्टिगत जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इसमें उन्होंने बोर्ड परीक्षा केंद्र का निर्धारण करते समय परीक्षा की शुचिता एवं विद्यार्थियों की सुविधा का खास ध्यान रखने के निर्देश दिए। मौके पर आपत्तियों के निस्तारण पर मंथन भी किया गया। डीएम ने समस्त तहसील क्षेत्र के एसडीएम को अपने क्षेत्रों के प्रस्तावित केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर कोई ब्लैक लिस्टेड विद्यालय परीक्षा केंद्र न बनने पाए। अन्यथा जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कुल 207 परीक्षा केंद्रों का प्रस्ताव दिया गया है, जिनमें नौ राजकीय, 112 वित्त पोषित तथा 86 वित्तविहीन विद्यालय हैं। इस बार की परीक्षा में कुल 1,40,213 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जिसमें 72,003 हाईस्कूल तथा 68,210 इंटर के हैं। गत वर्ष की तुलना में 15,660 परीक्षार्थियों का नामांकन बढ़ा है। इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसपी डॉ. राजेश सोनकर, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, एसडीएम रुद्रपुर ध्रुव कुमार शुक्ला, एसडीएम भाटपाररानी संजीव उपाध्याय, एसडीएम बरहज गजेंद्र सिंह, एसडीएम सलेमपुर अरुण कुमार, डीआईओएस डॉ. विनोद कुमार राय, प्रधानाचार्य जीआईसी पीके शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जननी सुरक्षा का लाभ दिलाने के लिए जालसाज ने किया फोन

देसही देवरिया। जननी सुरक्षा का लाभ दिलाने के नाम पर जालसाज ने फिर एक शख्स को फोन कर झांसे में लेने की कोशिश की। उसने अपने को ब्लॉक कर्मचारी बताया। पीड़ित ब्लॉक पर आकर जालसाज को ढूंढने लगा लेकिन वह नहीं मिला। उसके बाद स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर उसने स्वास्थ्य कर्मियों को मामले की पूरी जानकारी दी। रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र में जननी सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लाभार्थियों से ठगी करने वाला जालसाज अभी सक्रिय है। क्षेत्र में पिछले दिनों चार लोगों से ठगी करने में सफल रहे जालसाज ने देसही देवरिया क्षेत्र के रामपुर श्रीपाल गांव के हेमंत कुमार के मोबाइल पर फोन किया। उसने अपना नाम दीपक कुमार बताया और कहा कि वह स्थानीय ब्लॉक पर तैनात है। उसने हेमंत से कहा कि आपकी पत्नी का नाम मीनाक्षी है। बेटे का नाम रौनक है। आपको जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकार से 10 हजार रुपये दिलाने हैं। इसके लिए उसने एटीएम और आधार नंबर मांगा। हेमंत ने बताया कि उसने उनका व पत्नी का नाम तो सही बताया लेकिन बेटे का नाम अयान की जगह रौनक बताया। इस पर उन्हें शक हो गया। उन्होंने उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव बताया। कहा कि स्थानीय ब्लॉक में तैनात हैं। हेमंत ब्लॉक पर आकर उसे ढूंढने लगे। वहां उस नाम से कोई कर्मचारी ही नहीं था। उसके बाद वह नंबर बंद हो गया। उसके बाद उन्होंने स्थानीय पीएचसी पर पहुंचकर मामले की जानकारी दी। संयोग रहा कि वह जालसाज के झांसे में आने से बच गए। हेमंत कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी की डिलीवरी मार्च में जिले पर एक निजी चिकित्सक के वहां हुई थी। उन्हें योजना के तहत मिलने वाली धनराशि भी प्राप्त हो चुकी है। बेटे का नाम गलत बताने पर उन्हें शक हुआ। देसही देवरिया पीएचसी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी वलीउल्लाह खान ने बताया कि हेमंत स्वास्थ्य केंद्र पर आकर आपबीती बता रहे थे। उन्हें साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी गई। कोई भी लाभार्थी किसी अनजान व्यक्ति को अपनी निजी सूचना न दे।

## हर घर नल जल योजना के तहत लोगो को दी गई ट्रेनिंग

### ब्लाक परिसर मे दो दिवसीय शिविर लगाकर लोगो को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों मे जल निगम



विभाग की तरफ से इलेक्ट्रोशियन पलंम्बर एव राज मिस्त्री को दिया जा रहा है। प्रशिक्षण मंगलवार को उपरोक्त ब्लाक सभागार कक्ष मे हर घर नल जल योजना के तहत ग्राम पंचायतो मे कार्य हेतु कारीगरों को प्रशिक्षण विभाग के द्रारा दिया जा रहा है। जिसमे कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्ति आवेदन फार्म भरकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। ब्लाक पर प्रशिक्षण होने की जानकारी आम होते ही ब्लाक परिसर मे लोगो की काफी भीड देखी गई। इस दौरान ब्लाक क्षेत्र के 35 ग्राम पंचायतों मे इलेक्ट्रोशियन की ट्रेनिंग ट्रेनर आशीष व शत्रुघ्न ने दिया। वही इस दौरान परियोजना प्रबंधक सुनील जायसवाल ब्लॉक इंचार्ज–अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी सहायक–अतुल कुमार ज्ञानेंद्र पाण्डेय राधे वर्मा रितेश सहित आदि मौजूद रहे।

## कीटनाशक दुकानदार अपना नवीनीकरण करा लेः जिला कृषि रक्षा अधिकारी

कुशीनगर। कृषि रक्षा अधिकारी डॉ0 बाबूराम मौर्य ने बताया कि कीटनाशी (संशोधन) नियम 2022 के अन्तर्गत दिनांक 31.12.2022 के पश्चात् कीटनाशक लाइसेन्स की वैधता जारी रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश में संचालित, स्थापित कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानों के डीलरध्रिटेलर्स की 1971 के अन्तर्गत निर्धारित शैक्षिक अधारित करने विषयक दिशा–निर्देश जारी कर परिपालन हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त के क्रम में जनपद में लगभग 191 ऐसे कीटनाशक लाइसेन्सधारी है, जो कीटनाशी संशोधन (नियम) 2015 के अन्तर्गत नितध अहंता नहीं रखते है तथा जिनकी कीटनाशक लाइसेन्स वैधता 31.12.2022 तक है। आप सभी कीटनाशक व्यापारी पूर्व में शासन एवं कृषि विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देश के क्रम में अवगत है कि भारत सरकार द्वारा रसोधन उपरान्त समय–समय पर निर्गत अधिसूचना के क्रम में शैक्षिक योग्यता ध अर्हता प्राप्त करने हेतु समजा चुकी है, जिसे अंतिम रूप से दिनांक 24 जनवरी 2022 को जारी अधिसूचना नि०39(4) कीटनाश (संशोधन) नियम 2022 के द्वारा 31 दिसम्बर 2022 तक बढ़ाया गया है जिसके बाद कीटनाशी नियमावली 1971 के अन्तर्गत अनिवार्य शैक्षिक योग्यता बी०एस०सी०(कृषि विज्ञान) एक वर्षीय कृषि डिप्लोमाधारक विक्रेताओं का कीटनाशक लाइसेन्स जारी रहेगा अथवा बी०एस०सी०(कृषि विज्ञान), एक वर्षीय कृषि डिप्लोमा धारक को कर्मचारी के तीर नियुक्ति कर सकता है, जवा कीटनाशी (दूसरा संशोधन) नियम 2017 के प्रारम्भ की तारीख से 01 फरवरी 2017 की स्थिति के अनुसार निर्धारित अर्हता के बिना अनुज्ञातिधारक है, किसी राज्य कृषि विश्वविद्यालय अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र अथवा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान हैदराबाद अथवा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायत राज संस्थान अथवा राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान हैदराबाद राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान केन्द्र अथवा राज्य अनुसंधान संस्थानों अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्या विश्वविद्यालय अथवा संस्थान में एक बार कक्षाओं सहित प्रति सप्ताह प्रति दिन 12 सप्ताह की अवधि के लिए कीटनाशी प्रबंधन में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम किया हो कीटनाशक लाइसेन्स के लिए मान्य होगा अन्यथा की दश में दिनांक 31.12.2022 के पश्चात ऐस कीटनाशक लाइसेन्स जो कीटनाशी नियमावली 1971 के अन्तर्गत निर्धारित शैक्षिक योग्यताध्अहर्ता नहीं रखते है। उनका लाइसेन्स स्वतः ही अवैध हो जायेगा तथा उन्हें कीटनाशक का व्यापार तत्काल प्रभाव से दिनांक 31.12.2022 के पश्चात् बन्द करना पड़ेगा। कृषि रक्षा अधिकारी ने सभी फीटनाशक विक्रेताओं को निर्देशित किय है कि उपरोक्त कीटनाशी (संशोधन) नियम 2022 के अन्तर्गत जिनका कीटनाशक लाइसेन्स की वैधता 31.12. 2022 तक है। वो कीटनाशक लाइसेन्सधारी उपरोक्त नियमों का पालन करते हुए पूर्ण कर लें। अन्यथा की दशा में आपका कीटनाशक लाइसेन्स स्वत अवैध हो जायेगा।

## बंधुआ मजदूरों की सूचनाओ को एकत्रित कर पुर्नवास कराने का निर्देश

कुशीनगर । जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। श्रम विभाग की बैठक में जिलाधिकारी ने बंधुआ श्रमिकों की संख्या उनके पुनर्वासन की स्थिति के बारे में जाना। इसी क्रम में उन्होंने श्रम आयुक्त विजय यादव से जनपद में पंजीकृत श्रमिकों की संख्या व उनकी स्थिति जानी। जिलाधिकारी ने श्रम आयुक्त को निर्देशित करते हुए बताया कि जनपद के ईट भट्ठा में कार्य करने वाले मजदूर तथा विभिन्न निर्माण कार्यों में निर्माण स्थलों पर जाकर कैंप लगाकर श्रमिकों को चिन्हित करें व उनका पंजीयन कराएं। उन्होंने इसमें खनन अधिकारी के साथ भी समन्वय बनाते हुए कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि पंजीकृत श्रमिकों का समय से नवीनीकरण भी किया जाए। इसी तरह जनपद में विभिन्न निर्माण कार्य करने वाले संस्थान के साथ बैठक की जाए व उनसे श्रमिकों की जानकारी प्राप्त की जाए तथा श्रमिकों में श्रम विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाए । इसी क्रम में उन्होंने ग्राम प्रधानों के साथ भी बैठक कर उनके माध्यम से भी कैंप लगाकर श्रमिकों के बीच सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं के संदर्भ में जागरूकता के प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया। सेवायोजन विभाग की बैठक में जिलाधिकारी ने सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार से रोजगार मेले के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। जनपद में रोजगार मेला के माध्यम से विभिन्न कंपनियों को आमंत्रित कर उनके माध्यम से जनपद के युवाओं को रोजगार प्रदान किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा की रोजगार मेले के आयोजन का प्रचार प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी ने कौशल विकास में ट्रेनिंग एजेंसी के बारे में पूछा तथा कौशल विकास के पोर्टल पर कितने एजेंसी रजिस्टर्ड है। इसके बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जनपद में रोजगारपरक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा चलाये जा रहे कोर्स के बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि रोजगारपरक प्रशिक्षण संस्थानों में टूरिस्ट गाइड के कोर्स भी चलाये जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी देवीदयाल वर्मा व सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बैंक कर्मियों ने सीखे तनाव मुक्त जीवन जीने की कला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी







ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मोहद्दीपुर तत्वाधान में इण्डियन बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राजयोग द्वारा तनाव–मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में इण्डियन बैंक के जोन स्तर के अधिकारीयों और कर्मचारियों नें भाग लिया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं परमात्म स्मृति के गीत के साथ हुआ। शिवर की मुख्य वक्ता बी. के. पारूल ने तनाव–मुक्ति के कारणों एवं राजयोग के अभ्यास द्वारा उनके निवारण के तरीकों के बारे में बताते हुए कहा कि आज के आधुनिक समय में तनाव का मुख्य कारण है। कार्यक्षेत्र पर कार्य की अधिकता के दबाव को सहन न कर पाने की मानसिक क्षमता एवं दूसरों से अत्यधिक अपेक्षायें। मानसिक तनाव के कारण मन के रोग उत्पन्न होते हैं। इनसे बचने का एक ही उपाय है, अपने मन को सशक्त बनाना और मन को सशक्त बनाने के लिए संस्था द्वारा राजयोग सिखाया जाता है। आज के समय में राजयोग मेडिटेशन हर मानव को अपने मन को बलवान बना सकता है। जिससे वह मानसिक रोगों एवं तनाव से मुक्त हो सके। मोहद्दीपुर सेवाकेन्द्र सह प्रभारी बीके मनोज ने राजयोग की विधि से परिचित कराया एवं बताया कि राजयोग अभ्यास में परमात्म स्मृति के चार बिन्दुओं की समझ एवं ज्ञान आवश्यक है। परमात्मा का सत्य परिचय, परमात्मा से हमारे संबंध का परिचय, परमात्मा का कर्तव्य एवं परमात्मा से सच्ची प्रीत जिसके द्वारा ही हम एक परमात्मा के स्मरण में अपने मन को टिका कर उनसे प्राप्त होने वाले अलौकिक प्रेम एवं शक्तियों को प्राप्त कर अपने मन एवं जीवन को सुखी एवं शान्त बना सकते हैं। बीके समृध्दि बहन ने राजयोग का अभ्यास सभी हो कमेन्ट्री के द्वारा कराया जिससे असीम शान्ति की अनुभूति हुई। संस्था का परिचय बीके आलोक भाई ने दिया। बीके अंकिता बहन ने स्वागत किया। कार्यक्रम में इण्डियन बैंक में जोन प्रबंधक अजय अग्रवाल उप जोन प्रबंधक सतीश गुप्ता, हरि प्रकाश मिश्रा, डा. संजीव गुलाटी, हरिगोविन्द भंडारी, डा. हेमन्त चोपड़ा, बीके बेला बहन, जागृति, किरन, अमृता, पूजा, सोनी, सीमा, बीके लाल बहादुर, धर्मेश, नारायण, अभिषेक, अजीत सहित इण्डियन बैंक के विभिन्न शाखाओं के सैकड़ों की संख्या में भाग लिया। साथ ही मोहद्दीपुर स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर मोहद्दीपुर, तक सिख समाज के 10 वे गुरू गोविंद सिंह के 29 दिसंबर को होने वाले जन्मदिन के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सिख समाज के सैकड़ो लोग शामिल रहे। ब्रह्माकुमारी ने भी सिख समाज के सभी सदस्यों को सम्मानित किया।

**■ बैंक कर्मियों ने सीखा पुण्य-कर्मो के जमा का खाता बढ़ाने का गुण**

**■ 10वें सिख गुरू जयंती पर निकली प्रभात फेरी पहुँची ब्रह्मकुमारी आश्रम**

# भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

## भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। नगर स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में सौरभ कुमार भारद्वाज के नेतृत्व व नरेंद्र गर्ग के संयोजन में चल रहे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन प्रवचन कर्ता देवी विष्णु प्रिया ने श्री कृष्ण के बाल लीलाओं जिसमें माखन चोरी, कालिया नाग, भगवान कृष्ण का माटी खाना सहित अन्य लीलाओं के कथा का श्रवण हुए कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। उन्होंने पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते–करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। आगे के प्रसंग में बताया कि पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीदृ'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर–अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है।



आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। तब यशोदा मैय्या ने श्री कृष्ण का हाथ पकड़ा तब माता को बड़ा विस्मय हुआ तो श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं। देवी विष्णु प्रिया ने आगे कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है। इसके श्रवण करने से मनुष्य अमृत हो जाता है। वही प्रवचन कर्ता विष्णु प्रिया एवं दीपा मिश्रा द्वारा भगवान श्री कृष्ण के एक से बढ़कर एक भजनों को गाया गया। इनके साथ आर्गन पर ज्ञानेंद्र दुबे, तबला पर अनुराग झा व पैड पर राकेश ने संगत किया। वही कथा के अनुसार सजाई गई सजीव झांकी में सिवानी पांडे यशोदा बनी, बाल शिव्या, शिव जी प्रिया मिश्रा, यशोदा मईया निकिता खेमका, नाग कन्या पीहू तथा लीला व्यास ज्ञानेशानन्द ने हनुमानजी व काव्या श्री कृष्ण नाग नथइया के वेश में रही। इस दौरान झांकी में सभी पात्रों ने बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। कथा का समापन मुख्य यजमान रतन लाल गर्ग और उनकी धर्मपत्नी अनारकली देवी ने व्यासपीठ और भागवत पुराण के पूजन आरती के साथ किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे, अविनाश शुक्ला, नरेंद्र गर्ग, कृष्ण कुमार, राजू गर्ग, राधेश्याम, राकेश त्रिपाठी, हर्षवर्धन, अनीता गर्ग, मंजू, रेनू, सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# शिक्षकों का दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बभनी/सोनभद्र। ब्लाक संसाधन केन्द्र बभनी पर दो दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण मे भाषा और गणित



विषयों के कौशल को बढाने के गुर सिखाए गये। प्राथमिक स्तर पर कक्षा 4 एवं 5 में हिन्दी एवं गणित विषयों में विद्यार्थियों के लर्निंग गैप को समाप्त करने एवं मूलभूत भाषायी एवं गणितीय कौशल विकास हेतु कक्षा 4 एवं 5 में हिन्दी एवं गणित विषयों का कक्षा शिक्षण करने वाले शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम खण्ड शिक्षाधिकारी बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में मंगलवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बभनी प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत शिवबाबू केसरवानी व शिक्षिका नीलू द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश और प्रथम संस्था द्वारा सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 4–5 के लिए निपुण भारत के अन्तर्गत थ्स्छ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कमाल अर्थात जमंबीपदह ंज जीम तपहीज समअमस पद्धति पर आधारित है। बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश जहाँ एक तरफ निपुण भारत के दिशा–निर्देश के अनुसार कक्षा 1 से 3 के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर–शोर से काम किया जा रहा है। इस दौरान कक्षा 4 और 5 के बच्चों को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता इसके लिए विभाग ने कक्षा 4–5 के लिए भी थ्स्छ कार्यक्रम चलाकर एक नई पहल के तहत कक्षा 4 और 5 के बच्चों को शामिल किया जाएगा।जिन बच्चो का शैक्षिक स्तर उनकी कक्षा के अनुरूप नहीं है ऐसे बच्चो को इस प्रशिक्षण बाद चिन्हित कर उन बच्चो को प्रशिक्षित किया जाएगा।जिससे कमजोर बच्चे भी पढ़ना–लिखना सीख जाएँगे और साधारण गणित आसानी से हल कर पाएँगे। प्रशिक्षण के संदर्भदाता शैलेश कुमार, आशीष वर्मा (प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन) एआरपी जगरनाथ, एआरपी हरिश्चंद्र यादव मौजूद रहे। प्रशिक्षण मे विकास खण्ड के प्राथमिक स्तर के शिक्षक शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

# संत गाडगे दीन दुखियों की सेवा को ईश्वर भक्ति मानते थे–पवन कुमार सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन



पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अशोक कुमार कन्नौजिया की अध्यक्षता में महान चिंतक, दार्शनिक समाज को नयी दिशा देने वाले महाराष्ट्र में जन्मे महान संत शिरोमणि संत गाडगे का 66 वा परिनिर्वाण दिवस तहसील कालोनी रावटसगंज सोनभद्र में मनाया गया स संत गाडगे जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि संत आज ही के दिन 1956 में निधन हुआ था स संत गाडगे बाबा जीवन का एकमात्र उद्देश्य यही था जनसेवा दीन दुखियों तथा उपेक्षितों की सेवा को वे ईश्वर भक्ति मानते थे स मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप जायसवाल ने कहा कि संत गाडगे जी का कहना था कि भूखों को भोजन प्यासे को पानी नंगे को वस्त्र अशिक्षित को शिक्षा मजदूरों को काम मूक जीवों को अभय प्रदान करना भगवान की सच्ची सेवा हैं स मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेश त्रिपाठी ने कहा कि संतों की कोई जाति नहीं होती है संत समाज सभी वर्गों को मार्गदर्शन करते हैं स इस मौके पर शिव प्रकाश चौबे, वीरेंद्र सिंह एडवोकेट, बी पी सिंह एडवोकेट अश्विनी कुमार कन्नौजिया, विशाल सोनकर, राजेन्द्र कुमार, दीप चन्द्र, विकास, चंदन कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# संवाद सम्मेलन में मनरेगा कर्मियों का हुआ संगम

## प्रभात बने ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश सचिव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ सोनभद्र के तत्वावधान में रावर्ट्सगंज ब्लाक स्थित सभागार में संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य आतिथि के उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष व मनरेगा महासंघ के संयोजक भूपेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के महामंत्री अनिल द्विवेदी, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार मिश्र, सोनभद्र जनपद के प्रभारी एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, तकनीकी सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विमल तिवारी, मनरेगा कर्मचारी महासंघ से विनय कुमार मिश्र समेत मनरेग से जुड़े विभिन्न संवर्गो के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभात सिंह चन्देल ने किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने कहा कि समस्त मनरेगा कार्मिक व ग्राम रोजगार सेवकों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नही की जायेगी महीनों पूर्व शासन द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों को मस्टरोल जारी करने हेतु प्रशिक्षण देकर



आईडी पासवर्ड दिए जाने का आदेश निर्गत किया गया है सोनभद्र पहुंचकर मैंने रोजगार सेवकों से इस बाबत जानकारी ली तो बताया गया कि यहां किसी रोजगार सेवक को आईडी पासवर्ड नही दिया गया है जिससे यह सिद्ध होता है कि जनपद के अधिकारी मनरेगा कर्मियों के हितों को लेकर उदाशीन हैं और मुख्यमंत्री द्वारा मनरेगा कर्मियों के हित मे की जा रही उनकी घोषणाओं को लागू न करके सरकार की छवि को धूमिल कर रहें है जनपद में कर्मचारियों ने ईपीएफ जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों द्वारा संतोषजनक प्रयास नही किया जा रहा सोनभद्र में मनरेगा कर्मियों की इन सभी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री दरबार मे जाएंगे और यहां की यथा स्थिति से अवगत कराएंगे। प्रदेश महामंत्री अनिल द्विवेदी ने कहा कि जनपद में मनरेगा कार्मिकों व रोजगार सेवकों की समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारी उदाशीन है बीते वर्ष विधान सभा चुनाव के पूर्व लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में आयोजित मनरेगा महासम्मेलन में सूबे के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मनरेगा कर्मियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की लेकिन राज्य व जनपद स्तरीय अधिकारियों के उदाशीनता के कारण वो घोषणाएं आज तक लागू नही हो सकीं जिससे कर्मियों के बीच सरकार के साथ साथ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की छवि धूमिल हो रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि मनरेगा कर्मियों के एचआर पालिसी तथा ईपीएफ समेत अन्य समस्याओं का निस्तारण शासन स्तर से प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा साथ ही साथ सेंट्रलपुल व मानदेय भुगतान एवं रोजगार सेवकों को आईडी पासवर्ड जारी करने में विकास खण्ड व जनपद स्तर पर अधिकारियों द्वारा की जा रही हिलाहवाली से मुख्यमंत्री समेत विभागीय मंत्री व शासन के अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। तकनीकी सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विमल तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक संघ जनपद सोनभद्र के प्रभारी एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह एवं मनरेगा कर्मचारी महासंघ के नेता विनय मिश्रा ने भी कार्मिकों के हितों को लेकर शासन की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए गहरा असन्तोष व्यक्त किया। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष प्रभात सिंह चन्देल को संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत करते हुए जिला संरक्षक की जिम्मेदारी दी वहीं सुनील कुमार सिंह को ग्राम रोजगार सेवक संघ सोनभद्र का जिलाध्यक्ष, विनय कुमार मिश्र को मनरेगा कर्मचारी महासंघ का जिलाध्यक्ष, सुरेश कुमार को ग्राम रोजगार सेवक संघ विंध्याचल मण्डल प्रभारी नियुक्त करते हुए सोनभद्र जनपद की जिला कार्यकारिणी तथा ब्लाक कार्यकारिणी की घोषित करते हुए संघ की मजबूती पर बल दिया। इस अवशर पर एपीओ अभय मौर्या, अवनीश कुमार, पंकज कुमार, गौरव पाण्डेय, सुनील कुमार एवं ग्राम रोजगार सेवक संघ से दिवाकर तिवारी, आदित्य तिवारी, मोहर लाल भारती, वीरेन्द्र कुमार, अशोक यादव, हृदय नारायण, रोहित यादव, शिव कुमार गिरी, श्याम मोहन पाण्डेय, सुरेश कुमार, चन्द्रमणि यादव, नंदलाल, संतोष यादव, त्रिपुरारी मिश्र, अनिल सिंह पटेल समेत सैकड़ो ग्राम रोजगार सेवक व मनरेगा कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्मृति ईरानी पर विवादित बयान को लेकर अजय राय की बढ़ी मुश्किले

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सोनभद्र। यूपी कांग्रेस के नेता अजय राय की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सोनभद्र में अजय राय द्वारा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर विवादित बयान देने को लेकर भाजपा हमलावर हो गई है और कांग्रेस नेता अजय राय के खिलाफ सोनभद्र में एफआईआर दर्ज हो गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय महिला आयोग ने अजय राय को नोटिस भी जारी किया है। नोटिस के मुताबिक, अजय राय को 28 दिसंबर को महिला आयोग के सामने पेश होना है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय बीते रविवार को भारत जोड़ो यात्रा को लेकर सोनभद्र पहुंचे थे।इस दौरान अजय राय ने पत्र प्रतिनिधियों से बातचीत में कहा था कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में लटके–झटके दिखाने आती हैं और इसके बाद वापस चली जाती हैं। उन्होंने कहा था कि अमेठी कांग्रेस और राहुल गांधी का गढ़ रहा है और रहेगा। राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और विजयी भी होंगे। कांग्रेस नेता अजय राय ने प्रधानमंत्री को चुनौती देते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में बनारस सीट हराने की बात भी कही थी। वहीं, इस मामले के तूल पकड़ने के बाद अजय राय ने माफी मांगने से भी इनकार कर दिया है।उन्होंने कहा कि ये हमारी बोलचाल की भाषा है ये असंसदीय भाषा नहीं है तो मैं माफी क्यूं मांगू।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# दो दिवसीय क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ समापन



दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत विकासखंड कर्मा के सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि रामअधार कोल ने कहा कि दो दिनों में प्रशिक्षण में जो जानकारी दी गई है उसे अपनाते हुए विकास योजनाओ के कियांवयन में सहयोग करे उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष ब्लाक में 42 काम कराये गये थे प्रशिक्षण के दूसरे दिन गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ गांव ,बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था, बाल श्रम मुक्ति, पर्याप्त जल युक्त गांव, खुले में शौच मुक्त दिलाना, गांव को हरा–भरा बनाना ,आत्मनिर्भर बनाना ,पुलिया ,ग्रामीण आवास, पेयजल योजना, खेल मैदान की स्थापना, जल निकासी, विभिन्न योजनाओं का संचालन की व्यवस्था के साथ–साथ टीमवर्क एवं प्रौद्योगिकी ।उन्मूलन ,स्वच्छ गांव, बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना आदि उद्देश्यों को लेकर महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य के उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया है। जिससे राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग कर राष्ट्र को मजबूत करने का काम करें। एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि टीमवर्क से विकास योजनाओं को संचालित करने में सहयोग मिलता है। सभी लोग विकास कार्यों को कराने में सहयोग करें। और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें। वरिष्ठ फैकेलटी डीपीआरसी द्वारा क्षेत्र पंचायत विकास योजना 15 वा वित्त व राज्य वित्त के विषय में जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामाधार कोल, एडीओ पंचायत बृजेश कुमार, राजेश त्रिपाठी ,विनय चौबे, भास्कर प्रसाद, सादिक अंसारी, रवि पांडे,राम सजीवन तिवारी, सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# गरीब व जरूरतमंदो में अहमदी वारसी स्कूल द्वारा बांटे गए कंबल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। सतरिख इसतरिख थाना क्षेत्र एक निजी विद्यालय के द्वारा जरूरतमंदो एवं गरीबों को निशुल्क कंबल वितरण किया गया। बता दे जहां गरीब लोगों की मदद की बात करें तो कई ऐसी निजी एवं सरकारी संस्थाएं है जो समाज कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं वही बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा कई प्रकार की मदद गरीबों और जरूरतमंद लोगों को पहुंचाई जाती हैं। ऐसे में नगर पंचायत सतरिख स्थित अहमदी अकबर वारसी स्कूल के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य के द्वारा ठंड को बढ़ते देख गरीब व जरूरतमंद लोगों में कंबल का वितरण किया गया। ऐसे में उपस्थित–वकील अहमद (एडवोकेटध्अध्यक्ष), डॉ शाहीन सईद (संरक्षक), मो० महबूब (एडवोकेट) आदि लोग मौजूद रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सर्दियों में करें च्यवनप्राश का सेवन, मिलेंगे ये 5 प्रमुख स्वास्थ्य लाभ




सर्दियों में कई तरह की जड़ी–बूटियों के इस्तेमाल से बनाए जाने वाले आयुर्वेदिक खाद्य पदार्थ च्यवनप्राश का सेवन कई तरह के स्वास्थ्य लाभ दे सकता है। विटामिन सी और और खनिजों से भरपूर च्यवनप्राश रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, उम्र लंबी करने, पाचन शक्ति और याददाश्त बढ़ाने के साथ आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक हो सकता है। ऐसे में आइए च्यवनप्राश के नियिमत इस्तेमाल से मिलने वाले पांच प्रमुख स्वास्थ्य लाभ कौनसे हैं।

च्यवनप्राश में किन सामग्रियों का होता है इस्तेमाल?: च्यवनप्राश में जैम जैसी स्थिरता होती है और इसमें 12 शक्तिशाली तत्व होते हैं। ये तत्व संपूर्ण शारीरिक बदलाव के साथ विभिन्न बीमारियों से लडने में सक्षम रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करते हैं। च्यवनप्राश बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली 12 महत्वपूर्ण सामग्रियों में नीम, आंवला, तुलसी, सफेद चंदन, इलाइची, अश्वगंधा, अर्जुन छाल, केसर, देसी घी, काली मिर्च, शाहद और ब्राह्मी शामिल हैं। इसके अलावा इसमें लौंग और मीठी नीम के पत्तों का भी इस्तेमाल होता है।

पाचन शक्ति बढ़ाने में है मददगारः एडाप्टोजेनिक और एंटासिड गुणों से भरपूर च्यवनप्राश पाचन शक्ति को बढ़ाने में काफी मददगार होता है। इसके अलावा यह गैस के कारण होने वाली बीमारियों से भी दूर रखता है। इसमें मौजूद एंटी–फ्लैटुलेंट गुण आहार नली में गैस बनने से रोकते हैं। इससे पेट फूलने, सूजन और पेट दर्द की समस्या खत्म हो जाती है। इसी तरह इसमें मौजूद फाइबर पेट की अच्छी तरह सफाई करने और कब्ज को दूर करने में भी काफी सहायक होता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायकः च्यवनप्राश का उपयोग प्राचीन काल से ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाता रहा है। विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर च्यवनप्राश प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है और शरीर को रोगाणुओं और बैक्टीरिया और वायरल संक्रमणों से बचाने में मदद करता है। इसमें एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल और एंटीफंगल गुण भी होते हैं जो गले में खराश, सर्दी और खांसी, बुखार और अन्य सांस की बीमारियों को रोकने में मदद करते हैं।

वजन कम करने में भी है उपयोगीः च्यवनप्राश में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स वजन कम करने और स्वस्थ रहने में उपयोगी होता है। इसमें मौजूद फाइबर और पोषक तत्व पेट की भूख को शांत करने में मदद करने के साथ अधिक खाने से रोकते हैं। यह शरीर में एलडीएल का स्तर बढने से भी रोकता है। इससे शरीर का वजन नियंत्रित रहता है। तेजी से वजन घटाने की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए गर्म दूध के साथ रोजाना एक चम्मच च्यवनप्राश का सेवन करना लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

त्वचा का निखार बनाए रखने में मददगारः एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर च्यवनप्राश त्वचा को सूर्य की हानिकारक यूवीए और यूवीबी किरणों के कारण होने वाले ऑक्सीडेटिव रेडिकल नुकसान से बचाने में मदद करता है। इसी तरह यह बढ़ती उम्र के संकेतों जैसे धब्बे, महीन रेखाएं, काले घेरे और झुर्रियों को कम करने में भी सहायता करता है। यह त्वचा को जवां और चमकदार भी बनाता है। इसके एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण मुंहासों, फुंसियों और त्वचा के संक्रमण को कम करते हैं।

हृदय को स्वस्थ रखने में प्रभावीः अर्जुन छाल और अश्वगंधा की मौजूदगी के कारण च्यवनप्राश हृदय को स्वस्थ रखने में काफी मददगार होता है। यह दिमाग को भी शांत करता है और इससे कार्डियक सिस्टम सुचारू रूप से काम करता रहता है। यह तेज दिल की धड़कन और असामान्य रूप से दिल धड़कने की समस्या से जूझने वालों को काफी राहत पहुंचाता है। इसके अलावा यह लिपिड निर्माण रोकने के साथ कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और हृदय की मांसपेशियों को भी मजबूत करता है।

## पिंक आउटफिट में कृति सेनन की खूबसूरत तस्वीरें देखकर फैंस हुए बेकरार

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी बोल्डनेस और खूबसूरती से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं।



वहीं, एक्ट्रेस कृति सेनन ने थाई हाई स्लिट आउटफिट में अपने किलर लुक में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। कृति सेनन पिंक कलर के थाई हाई स्लिट आउटफिट में कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन ने इस बोल्ड आउटफिट में बेहद ही कातिलाना पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। डीपनेक आउटफिट में कृति सेनन बेहद बोल्ड और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की खूबसूरती को देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। साथ ही अपने दिल की मल्लिका बनाने को बेताब हैं। एक्ट्रेस फिल्मों के साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। कृति सेनन अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए इस साल बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड मिला है। इंस्टाग्राम में भी एक्ट्रेस की काफी फॉलोइंग हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 51.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं। बेहद कम समय में ही बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक्ट्रेस ने अपनी एक अलग जगह बनाई है। वो बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं।




## रणवीर सिंह ने सर्कस फिल्म की शूटिंग के बारे में साझा किए अनुभव



बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने अपनी फिल्म सर्कस की शूटिंग को लेकर कई सारे राज खोले और बताया कि कैसे उन्होंने रोहित शेट्टी की इस फिल्म में काम किया। फिल्म के प्रमोशन के लिए द कपिल शर्मा शो पर अपनी टीम के साथ पहुंचे रणवीर सिंह ने इस फिल्म को लेकर कई सारी बातें की और अपने अनुभव साझा किए।

रणवीर सिंह ने कहा, इस फिल्म में करंट लगने वाली स्थिति की रोहित शेट्टी ने हमको बहुत सारी रिहर्सल कराई थी क्योंकि वह चाहते थे कि सीन बहुत साधारण हो क्योंकि यह एक ऐसा सीन है जिसको करने के लिए बहुत सारी चीजें ध्यान में रखनी पड़ती हैं। आगे रणवीर ने कहा, रोहित शेट्टी बहुत ही साधारण और वास्तिव बनाना चाहते थे इसीलिए हमने बहुत मेहनत की।

यह बिजली का करंट लगने वाला सीन इतना आसान नहीं था कि बस हम जाएं, इलेक्ट्रिसिटी का तार पकड़ें और समझ जाएं कि कैसे एक्टिंग करनी है। बल्कि मैंने इसके लिए बहुत सारे तरीके अपनाए तब जाकर यह सीना किया। इसके साथ ही अभिनेता ने रोहित शेट्टी की और उनके फिल्म बनाने के कौशल भी तारीफ की, साथ ही कहा कि यह फिल्म सर्कस लोगों को बहुत पसंद आएगी।

रणवीर की इस सर्कस फिल्म के मुख्य कलाकारों में जैकलीन, पूजा, वरुण शर्मा, अश्वनी साहित कई सितारे शामिल हैं। फिल्म में दीपिका पादूकोण का एक आइटम सॉंग भी है। द कपिल शर्मा शो सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर प्रासारित होता है।

## प्रभास की हॉरर कॉमेडी फिल्म में संजय दत्त निभाएंगे दादा का किरदार

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास एक हॉरर कॉमेडी



फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का शीर्षक अभी निर्धारित नहीं किया है। इसे फिल्ममेकर मारुती निर्देशित कर रहे है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त की एंट्री को गई है। वह फिल्म में दादा की भूमिका में नजर आ सकते हैं। फिल्म को फिलहाल केवल तेलुगु में शूट किया जा रहा है। इसके दो शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में हुई है। एक सूत्र ने बताया कि फिल्म में संजय एक दादा की महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। वहीं इसमें अभिनेत्री जरीना वहाब को मां और दादी की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में जरीना एक अनदेखा अवतार में नजर आने वाली हैं। खबरों की मानें तो यह हॉरर कॉमेडी दादी, दादा और पोते के प्रमुख पात्रों पर आधारित है। इसमें इंडस्ट्री की तीन नई अभिनेत्रियां पर्दे पर नजर आ सकती हैं।

# हेजलनट्स को डाइट में शामिल करने से स्वास्थ्य को मिलते हैं ये 5 प्रमुख लाभ



हेजलनट्स स्वस्थ वसा, प्रोटीन, डाइटरी फाइबर और विटामिन ई जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इन्हें कोबनट्स या फिल्बर्ट भी कहा जाता है और ये कोरीलस पेड़ के फल होते हैं। इनकी ज्यादातर खेती इटली, स्पेन, तुर्की और अमेरिका में की जाती है। आमतौर पर मीठे स्वाद से युक्त हेजलनट्स को कच्चा या भूनकर खाया जाता है। आइए जानते हैं कि डाइट में हेजलनट्स को शामिल करने से स्वास्थ्य से जुड़े क्या–क्या लाभ मिल सकते हैं।

हृदय स्वास्थ्य के लिए हैं अच्छेः हेजलनट्स में एंटी–ऑक्सीडेंट्स और स्वस्थ वसा की उच्च मात्रा मौजूद होती है। ये गुण खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करते हैं, जो स्ट्रोक और हार्ट अटैक जैसे हृदय रोगों का खतरा उत्पन्न कर सकता है। इनमें मौजूद ओलिक एसिड भी हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। हेजलनट्स में डाइटरी फाइबर, पोटैशियम, फैटी एसिड और मैग्नीशियम भी होता है, जिससे ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है।

एंटी–कैंसर गुण से युक्त होते हैं हेजलनट

हेजलनट्स में एंटी–ऑक्सीडेंट के साथ–साथ एंटी–कैंसर गुण होते हैं। ये कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर रिसर्च के अनुसार, हेजलनट्स में प्रोएंथोसायनिडिन्स और अल्फा–टोकोफेरॉल नामक एंटी–ऑक्सीडेंट होते हैं जो शरीर में मुक्त कणों को खत्म करके कैंसर का खतरा कम कर सकते हैं। इनके नियमित सेवन से कोलन कैंसर का खतरा कम होता है।

त्वचा को रखते हैं स्वस्थः हेजलनट से बनाए जाने वाले तेल का इस्तेमाल तरह–तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स में किया जाता है। इसका कारण है कि इनमें फ्लेवोनॉयड्स और टैनिन जैसे फेनोलिक यौगिकों की उच्च मात्रा मौजूद होती है, जो त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। कई शोधों के अनुसार, ये फेनोलिक यौगिक त्वचा पर बढ़ती उम्र के प्रभाव को धीमा करने के साथ–साथ त्वचा की अन्य कई समस्याओं का प्राकृतिक इलाज करने में सहायक हो सकते हैं।

सूजन को कम करने में है सहायक

हेजलनट्स में मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट गुण और मोनोअनसैचुरेटेड वसा शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, अधिक वजन से ग्रस्त प्रतिभागियों ने 12 हफ्ते तक रोजाना 60 ग्राम हेजलनट्स का सेवन करने से खुद में सूजन की कमी का अनुभव किया। विशेषज्ञों के मुताबिक, रोजाना कम से कम 40 ग्राम हेजलनट्स खाने से शारीरिक सूजन में कमी आ सकती है।

बालों के लिए हैं बढियाः हेजलनट्स में पाया जाने वाला विटामिन–ई बालों का झडना कम करने समेत बालों की कई अन्य समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। ये स्कैल्प को भरपूर पोषण भी देता है और बालों की बनावट में भी सुधार कर सकता है। इसके अतिरिक्त हेजलनट्स शरीर में कोलेजन का उत्पादन बढ़ाने में भी मदद करते हैं, स्कैल्प को मजबूती प्रदान करता है। इनमें मौजूद प्रोटीन, सेलेनियम और जिंक बालों और स्कैल्प के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे माने जाते हैं।